श्री मु० क० चागला : हमारी यही नीति रही है । वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् के अन्तर्गत स्थापित की गई प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक अनुसन्धान ही किया जाता है ताकि उद्योग आगे बढ़ सके तथा मौतिक अनुसन्धान अधिकतर विश्वविद्यालयों में किया जाता है ।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या यह सच नहीं है कि राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में वेतनमान तथा सेवा की शर्तें तुलनात्मक असन्तोषजनक होने के कारण बहुत से युवक तथा सक्षम अनुसन्धान वैज्ञानिक गैर-सरकारी क्षेत्र में चले जाते हैं और, यदि हां, तो सरकार कौन से ऐसे तरीके अपना रही है या उत्प्रेरणा दे रही है जिससे वे प्रयोगशालाओं की ओर आकृष्ट हों।

श्री मु० क० चागला : हमने हाल ही में अपने निदेशकों के वेतन क्रम बढ़ा दिये हैं। मुझे सभा को यह बताने में खुशी हो रही है--प्रत्येक चयन समिति का सभापति होने के नाते--मुझे पता है कि युवक आते हैं और कहते हैं, "चाहे हमें उद्योगों में अधिक वेतन मिलता है परन्तु हम प्रयोगशालाओं में आना चाहते हैं क्योंकि हम अनुसन्धान करना चाहते हैं।

श्रीमती सावित्री निगम : चाहे इन प्रयोगशालाओं में बहुत अच्छा काम हो रहा है परन्तु मुझे एक शिकायत है कि विभिन्न अनुसन्धानों के परिणामों को उद्योगों तथा अन्य सम्बद्ध संस्थाओं को नहीं भेजा जाता है जिससे वे समय पर उचित उपयोग कर सकें।

श्री मु० क० चागला : उनमें से अधिकतर भेज दिये जाते हैं। परन्तु मैं ऐसी कार्यवाही कर रहा हूं जिससे उद्योगों तथा हमारी प्रयोगशालाओं में प्रगाढ़ सहयोग हो सके। यह कहना ठीक नहीं है कि हम अनुसन्धानों के परिणामों को नहीं भेजते हैं क्योंकि उनमें से बहुत से उद्योगों में प्रयोग में लाये गये हैं और बहुत से लाये जा रहे हैं।

प्रादेशिक भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें

*775. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या **शिक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों को उच्च शिक्षा में प्रयोग किये जाने के लिये प्रादेशिक भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें तथा शब्द-कोष प्रकाशित करने की सलाह दी है ? और

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकारों की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन): (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की मानक पुस्तकों का प्रकाशन, अनुवाद और उन्हें तैयार करने की योजना उच्चतर शिक्षा के लिए हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में लागू करने की दिशा में शिक्षा मन्त्रालय का प्रारम्भिक कदम है। यह योजना सन् 1960 से अमल में लाई जा रही है। इसी वर्ष केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री ने इस योजना की जानकारी राज्य शिक्षा मन्त्रियों और विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों को दी थी और विश्वविद्यालयों व राज्य सरकारों के शैक्षिक निकायों के जरिए इस योजना को अमल में लाने के लिए उन सब का सहयोग चाहा था। अभी तक केवल बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मद्रास, गुजरात, पंजाब, मैसूर और महाराष्ट्र राज्यों ने ही इस योजना में भाग लेने के लिए सहमति प्रदान की है।

Shri Vishwa Nath Pandey : Is the statement laid on the Table of the House it has been mentioned that the scheme for preparation, translation and publication of standard works of University level in Hindi and regional languages

and introduction of Hindi and regional languages as medium of instruction for higher education is a preparatory step taken by the Ministry. It has also been mentioned that this scheme is being implemented from 1960. I want to know the progress made in this direction and whether the Ministry considers it to be satisfactory, if not, whether the Government is contemplating some other scheme to accelerate this progress ?

Shri Bhakt Darshan : I want first to reply to the last part of the Hon. Members' question. The Ministry is not satisfied with the progress made in this direction. The position is that on 25th August, 1960, the then Education Minister wrote a letter in this connection to the Education Minister of all the States and Vice Chancellors of all the Universities, Bihar, Rajasthan, U.P., Madhya Pradesh, West Bengal, Madras, Gujarat, Punjab, Mysore and Maharashtra have accepted it in principle. There is no doubt that the progress has been very slow so far.

I want to give some figures for the information of the Hon Member. 425 books have been selected in all. 16 books have been published, 33 books are in press, 14 books are ready to be sent to press, 102 books are at different stages and 249 books are being translated.

Shri Vishwa Nath Pandey : I want to know whether University Grants Commission was consulted in this connection, if so what suggestions have been made by them to accelerate the rate of progress ?

Shri Bhakt Darshan : When the selection for these books was made, Dr. Kothari, Chairman of the University Grants Commission was the Chairman of this Commission. We have their complete co-operation in this matter.

श्री मुथिया : क्या केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को इस प्रयोजन के लिये कुछ वित्तीय सहायता दे रही है, यदि हां, तो कितनी सहायता दे रही है ?

श्री भक्त दर्शन : जी हां। इस योजना के अनुसार उन पुस्तकों के अनुवाद के लिये जो केन्द्रीय सूची में हैं, सम्बन्धित राज्यों अथवा विश्वविद्यालयों को शत प्रतिशत सहायता दी जाती है, और यदि पुस्तकों का चयन राज्य सरकार अथवा विश्वविद्यालय ने स्वयं किया हो तो 50 प्रतिशत सहायता दी जाती है।

Shri Jagdev Singh Siddhanti : In the books and dictionaries which are being prepared in regional languages, whether care is being taken to see that the words selected for them should bear resemblance to Hindi words.

Shri Bhakt Darshan : Yes sir. The dictionary that is being prepared is mainly meant for Hindi-speaking people but the State Government's will roughly absorb 80% of the words.

श्री दाजी : क्योंकि हिन्दी राजभाषा बनने वाली है क्या सरकार इस ओर कोई प्रयत्न कर रही है कि कम से कम हिन्दी-भाषी राज्य हिन्दी में एक ऐसी समान शब्दावली बनायें जो सरल हो और न कि इतनी कठिन कि श्री अन्सार हरवानी, संसद्-सदस्य, जो हिन्दी-भाषी क्षेत्र में पैदा हुये और पले, इसे न समझ सकें। क्योंकि हाल ही में हमने देखा कि इंजीनियर शब्द के हिन्दी पर्याय को वे नहीं समझ सके।

श्री भक्त दर्शन : जैसा कि मैंने एक पहले प्रश्न के उत्तर में कहा कि वैज्ञानिक और प्रविधिक शब्दावली पर स्थायी आयोग को ऐसी शब्दावली बनाने का कार्य सौंपा गया है जो हिन्दी-भाषी क्षेत्रों की स्थिति के अनुकूल हो, परन्तु अन्य राज्य इसमें कुछ हेर फेर करके स्वीकार कर लेंगे।

Allotmcnt of Houses in Abohar

+

*776. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Gauri Shankar Kakkar :
Shri U.M. Trivedi :
Shri Bade :
Shri Mate :
Shri Sinhasan Singh :
Shri S. M. Banerjee :
Shri Madhu Limaye :
Shri Sheo Narain :
Shri D.D. Mantri :
Shri D.S. Patil :
Shri P.H. Bheel :
Shri Sham Lal Saraf :
Shri Jagdev Singh Siddhanti :
Shri Y.D. Singh :
Shri Lahri Singh :

Will the Minister of **Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that allotment of houses in Abohar, Punjab in which 400 refugee families had been residing so far, has been cancelled by Government;

(b) whether it is also a fact that those houses have been rented to some other persons ; and

(c) if so, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in the Ministry of Rehabilitation (Dr. M.M. Das) : (a) Allotment of houses in Basties Jammu & Sukhera (Abohar) district Ferozepur, Punjab, was cancelled for fresh allotment according to rules.

(b) The evacuee house have been allotted to rural land allottees as appurtenant to their land allotment.

(c) The previous allotment was wrong and irregular as certain genuine allottees of Abohar were ignored and the houses has been allotted to allottees of other villages and non-claimants who could not be given preference over the land allottees of Abohar.

Shri Hari Vishnu Kamath : The Senior Minister should read it.

Shri Parkash Vir Shastri : According to my information these four hundred families which are being removed are refugees and those to whom these houses are being allotted are also refugees. What is the reason for removing these four hundred families, who are living there for the last 15 years without any alternative accommodation ?

Mr. Speaker : I think he has replied that they were removed because those people had been allotted land. We have passed a law that an allottee of land cannot get a house in a city and they will get a house only in the village where they have been allotted land. These particular families had lands in the villages, therefore they could only get a house in the village and not in a city.

डा० म० मो० दास : उन परिवारों में से कई परिवार शरणार्थी भी नहीं हैं ।

Shri Prakash Vir Shastri : What is the total number of members in these four hundred families who have been the victim of this scheme and whether the Government is thinking of some alternative on human grounds ?

डा० म० मो० दास : मुझे इन परिवारों के सदस्यों की कुल संख्या के बारे में नहीं पता । परन्तु इनमें से अधिकतर लोगों को वैकल्पिक आवास, जिसके वे अधिकारी थे, दे दिया गया है । उन सदस्यों को भी, जो इसके अधिकारी नहीं थे परन्तु जो इन मकानों में 31 दिसम्बर, 1957 से पहले रह रहे थे सरकारी खर्चे पर वैकल्पिक जगह दे दी गई है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य यह जानना चाहते हैं कि क्या मानवता के नाते उनको कुछ सहायता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कुछ लोग ऐसे हैं जिनको गांव में एकड़ का केवल चौथाई भाग मिला हुआ है और वे इस भूमि पर निर्वाह नहीं कर सकते और यदि उनको वहां रहना पड़े तो उनके लिये निर्वाह करना कठिन हो जायेगा ।

The Minister of Rehabilitation (Shri Tyagi) : About 223 families are entitled to house but not here. Only those families will be allotted houses here who have been allotted land near this colony. Punjab Government is trying to provide them with alternative accommodation, as desired by Shri Prakash Vir Shastri. Some have already been provided.

श्री इकबाल सिंह : मुख्य प्रश्न यह है कि यह 400 परिवार शरणार्थी हैं कि नहीं जिनको शरणार्थी होने के नाते भूमि दी गई है ? क्या सरकार उनको वैकल्पिक स्थान देने पर विचार कर रही है अथवा नहीं ?

श्री त्यागी : इस मामले में यह कठिनाई इसलिये उत्पन्न हुई, क्योंकि इन लोगों ने एक गलत आवेदन पत्र दिया कि जिस गांव में इनको भूमि दी गई है वहां मकानों का अभाव है, और क्योंकि इस गांव में एक हजार मकान हैं इसलिये उन्हें यहीं मकान दिये जायें । पंजाब सरकार के अधिकारियों तथा स्थानीय अधिकारियों ने किसी प्रकार, नियमों के विरुद्ध उनको यहां मकान दे दिये, क्योंकि अन्य गांव वालों को यहां मकान नहीं दिये जाते ।

जब यह आवंटन का मामला न्यायालय में गया, तो यह पता चला कि बजाय लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों के मूल्यांकन भी उन्हीं लोगों ने किया जिन्होंने अपने नाम यहां बड़े-बड़े भवन लिखवा लिये थे । न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि इन लोगों को इस गांव में मकान नहीं मिल सकते । पंजाब सरकार उनके लिये वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है ।

Shri Gauri Shankar Kakkar : What is the reason for removing these families all of a sudden without providing them with alternative accommodation when they have been in irregular occupation of these houses for the last 15 years.

Mr. Speaker : This has already been replied to.

Shri Tyagi : It has been carried out according to the decision of the Court. This delay of 15 years has occurred because these people managed to obtain stay order from the High Court and the Government cannot do anything during the pendency of the stay order.

Shri Jagdev Singh Siddhanti : Does the Government know as to many of these four hundred families have sold the land allotted to them in the villages and want to settle in the cities.

Shri Tyagi : 223 families are entitled to retain both the land and houses. The Punjab Government is making arrangements for them.

Shri Jagdev Singh Siddhanti : I want to know the number of those families who have sold their lands.

Shri Tyagi : I would request the Hon. Member to give a separate notice of question for this.

हेमाईसिन

+

*777. { **डा० चन्द्रभान सिंह :**
श्री विद्या चरण शुक्ल :
श्री राम सहाय पाण्डेय :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मन्त्री 25 नवम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 466 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी सहयोग से "हेमाईसिन" का वाणिज्यिक उपयोग करने के बारे में सरकार की बातचीत समाप्त हो गई है ;

(ख) क्या किसी समवाय के साथ करार पर भी हस्ताक्षर हो गये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो करार की मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अलगेशन) : (क) विदेशी फर्मों के साथ बातचीत जारी है ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते हैं ।

श्री रंगा : यह वस्तु क्या है ?

अध्यक्ष महोदय : यह डाक्टरों के लिये है ।

डा० चन्द्रभान सिंह : यह बातचीत कहां तक पहुंच गई है ?

श्री अलगेशन : इस औषधि को विदेशी फर्मों को भेजा गया है, विशेषतया एक अमरीकी फर्म को । उन्होंने इस पर बहुत से परीक्षण किये हैं और परिणाम बहुत उत्साहवर्धक सिद्ध हुये हैं । यह सम्भव कि हम उनसे समझौता करके इस औषधि को मार्केट में भेज देंगे ।

श्री कपूर सिंह : क्या सरकार अब भी यह दावा करती है कि इससे सिरकी खौंस दूर हो जाती है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर): यदि माननीय सदस्य परीक्षण करना चाहते हैं तो हम उन्हें हर प्रकार की सुविधा देंगे ।

श्री कपूर सिंह : दावा सरकारी तौर से किया गया था। यह दावा गलत है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या अब भी सरकार का यह दावा है।

अध्यक्ष महोदय : क्या सरकार ने यह दावा किया था कि इससे सिर की खौंस ठीक हो जाती है ?

श्री अलगेशन : यह तो नहीं किया गया था। यह शिशुकण्ठ रोग को दूर करने के लिये है।

अध्यक्ष महोदय : सरकार ने यह दावा नहीं किया।

श्री कपूर सिंह : विदेशों में जो साहित्य उन्होंने भेजा था उनमें यह दावा किया गया था।

अध्यक्ष महोदय : परन्तु अब वे वह दावा नहीं कर रहे हैं . . . .

श्री कपूर सिंह : क्या हम विदेशियों को भ्रम में डालना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : अगला प्रश्न।

दिल्ली के स्कूलों में छात्र सैनिकों का प्रशिक्षण

*779. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के अनेक सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय छात्र सेना दल छात्र सैनिकों (सेना विंग) को शिक्षा देने के लिये प्रशिक्षित कमीशन प्राप्त अधिकारी नहीं हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कमीशन प्राप्त अधिकारियों को प्रायः ऐसे स्कलों में तैनात किया जाता है जहां राष्ट्रीय छात्र सेना देल का कोई छात्र सैनिक नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार का विचार इस स्थिति को किस प्रकार सुधारने का है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या यह सच है कि इन नये अध्यापकों, कमीशन प्राप्त प्रशिक्षित अधिकारियों के प्रशिक्षण पर एक बड़ी धनराशि व्यय की जा रही है परन्तु इन व्यक्तियों को उन स्कूलों में तैनात नहीं किया जा रहा है जहां पर राष्ट्रीय छात्र सेना दल के छात्र सैनिकों को प्रशिक्षण लेने के लिये भेजा जाता है ?

श्री मु० क० चागला : ये अध्यापकगण केवल मात्र राष्ट्रीय छात्र सेना दल के अध्यापक ही नहीं हैं क्योंकि ये केवल राष्ट्रीय छात्र सेना दल के छात्र सैनिकों को प्रशिक्षण ही नहीं देते; ये साधारण प्रशिक्षण पाने वाले साधारण अध्यापक ही होते हैं; राष्ट्रीय छात्र सेना दल का कार्य करने के लिये इनको 250 रुपये विशेष भत्ता मिलता है। यदि इनको पदोन्नति मिलती है तो इनको किसी दूसरे स्कूल में स्थानान्तरित कर दिया जाता है और राष्ट्रीय छात्र सेना दल का कोई दूसरा प्रशिक्षित व्यक्ति उस स्थान पर लाना पड़ता है। कभी-कभी ऐसा नहीं होता और थोड़ा समय व्यवधान आ जाता है और परिणाम यह होता है कि कुछ दिनों या कुछ सप्ताह के लिये स्थान रिक्त रहता है।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या मैं विशेषरूप से यह जान सकता हूं कि दिल्ली क्षेत्र में अनेकों ऐसे स्कूल हैं जहां पर छात्र सैनिक तो हैं परन्तु वहां इस प्रकार के प्रशिक्षित अध्यापक नहीं हैं जिनका माननीय मंत्री ने उल्लेख किया है ?

श्री मु० क० चागला : जैसा मैंने बताया है कि मेरी जानकारी के अनुसार दिल्ली प्रशासन सभी स्कूलों में अध्यापक हैं। कुछ उदाहरण ऐसे हो सकते हैं जिनमें थोड़े दिनों या थोड़े सप्ताह के लिये कुछ अध्यापक उपलब्ध नहीं हुए हों।

Kairon Murder Case

\+

*781. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri S.M. Banerjee :
Shri Daji :
Shri P. C. Barooah :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the alleged assassins of Sardar Partap Singh Kairon and his companions have been arrested ;

(b) if so, whether some more clues have been collected from them; and

(c) the nature of assistance given by the Central Government in arresting the assassins ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi) : (a) Two persons suspected to be involved in the crime have been arrested so far.

(b) Yes, Sir but it is not in public interest to disclose this.

(c) In addition to help being given by Delhi Police, the Central Government have rendered assistance by instructing the D.I.B. to keep in constant touch with the investigation, give necessary guidance and advice and ensure coordination of the efforts of the various State police forces. Services of experts from the Forensic Science Laboratory, Calcutta, have also been made available for technical advice.

Shri Prakash Vir Shastri : In view of the manner in which the Indian Police arrested Sucha Singh, the prime suspect of Kairon's murder by endangering their lives, I would like to know the hurdles in his extradition from Nepal and as such we have not been able to get him back on account thereof.

श्री हाथी : जब किसी व्यक्ति को किसी अन्य देश में गिरफ्तार किया जाता है तो प्रत्यर्पण कार्यवाही पूरी करनी पड़ती है और जब तक वह देश इस बात से पूर्णतया संतुष्ट नहीं हो जाता कि अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम दृष्टया वाद नहीं है वह उसको वापस नहीं देते। अतएव प्रत्यर्पण कार्यवाही पूरी करनी पड़ेगी।

Shri Prakash Vir Shastri : As to the charges against the criminals, the Government of India have communicated the information on Centre and State levels. Is there any political reason for which he has not been surrendered ?

Shri Hathi : There is no political motive behind it, but as I have already told that it required extradition proceedings. Until these proceedings are completed, there will be no outome.

Shri Surendranath Dwivedy : Have you taken up the extradition proceedings ?

Shri Bagri : I want to raise a point of order.

The Hon. Minister has stated in this House that the Indian Police arrested the accused persons in Nepal by endangering themselves and on the other hand the Nepalese Government have given a statement that there is no arrest had taken place. Thus the Central Government have given a wrong statement. Are these two statements not centradictory to each other ? It creates confusion and the true facts are not brought before the House.

Mr. Speaker : What decision I can give thereon ?

मैंने इस विषय पर अनेकों सूचनाएं प्राप्त की हैं । यदि सभा चाहे तो इसके लिए पांच मिनट और दे सकता हूं ।

अनेक माननीय सदस्य : जी हां ।

श्री दाजी : क्या यह सच है कि नेपाल में चल रही प्रत्यर्पण कार्यवाही के सिलसिले में, हमने यह उल्लेख किया है कि दूसरे मामलों से सम्बन्ध होने के कारण सूचा सिंह की मांग है और उसमें इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि कैरों की हत्या के सम्बन्ध में उनकी मांग है ?

श्री हाथी : मुख्य प्रश्न के उत्तर में मैंने बताया है कि दो व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं । ये गिरफ्तारियां वास्तव में भारत में की गई हैं । जब कोई गिरफ्तारी अपने देश से बाहर की जाती है तो ऐसी गिरफ्तारी वैध रूप में हमारे द्वारा नहीं की जाती बल्कि वह हमारी प्रार्थना पर दूसरे देश द्वारा की जाती है । यहां मैंने जिन दो व्यक्तियों के नामों का उल्लेख किया हैं उनमें सूचा सिंह सम्मिलित नहीं है । (**अन्तर्बाधा**) इसलिये चल रही प्रत्यर्पण कार्यवाही पिछले मामले के सम्बन्ध में है ।

श्री इकबाल सिंह : प्रेस को जानबूझ कर इच्छा से इस बारे में किसी भांति की कहानियां भेजी जा रही हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि ये कहानियां पुलिस के व्यक्तियों अथवा पुलिस अधिकारियों द्वारा दी जा रहीं हैं क्योंकि प्रेस को पुलिस प्राधिकारियों के अतिरिक्त अन्य कोई ऐसी सूचना नहीं दे सकता । एक ओर तो यह हो रहा है और दूसरी ओर जबकि पूछताछ चल रही है जानबूझ कर भिन्न प्रकार की जानकारी दी जा रही हैं जिससे सचाई सामने न आ सके । केन्द्रीय सरकार द्वारा और उनके द्वारा भी जिनका इस जांच में साहचर्य है क्या कदम उठाये जा रहे हैं जिससे सचाई मालूम हो सके ।

श्री हाथी : जहां तक प्रेस में प्राप्त वक्तव्यों और रिपोर्टों का सम्बन्ध है, पंजाब सरकार ने तथा हमने भी अपील की है कि वक्तव्य न दिये जायें जिससे इस मामले के न्यायाधीश या जांच की कार्यवाही में बाधा उपस्थित हो । माननीय सदस्य का यह कहना ठीक है कि अनेक वक्तव्य दिये जाते हैं जिसके कारण प्रत्येक व्यक्ति अनावश्यक ही भ्रम में पड़ जाता है । ऐसे वक्तव्य नहीं दिये जाने चाहिये ।

श्री जयपाल सिंह : इस तथ्य को दृष्टिगत करते हुए कि नेपाल तथा भारत के बीच कोई प्रत्यर्पण सम्बन्धी संधि नहीं हैं, क्या मैं यह जान सकता हूं कि अब किन आधारों पर प्रत्यर्पण कार्यवाही चल रही है ?

श्री हाथी : मेरे विचार से प्रत्यर्पण सम्बन्धी एक संधि है । हमें नेपाल सरकार तथा अपने राजदूत से ज्ञात हुआ है कि प्रत्यर्पण कार्यवाही की जायेगी और इसलिए, किसी संधि के न होने का प्रश्न ही नहीं है । (**अन्तर्बाधा**)

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : May I know whether it is a fact that the persons who have been arrested in this case, are the true culprits ? Earlier it was reported by the Press that some politicians were behind this incident and they were not being arrested because of some pressure and it was got done by gratifying with the payment of forty thousand rupees. May I also know the amount spent by Government in this case ?

Shri Hathi : I cannot say whether these persons are the real culprits or not. We have only stated in the answer that we suspect like that. It is difficult to say whether they are the real culprits, until the Courts gives its judgement thereon.

So far as the expenditure is concerned, the Punjab Government have incurred the expenditure thereon and I have no statstics thereof.

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : I had asked whether some politicians were involved therein.

Mr. Speaker : This case is being brought before the Court and hence you should not ask for such information.

श्रीमती यशोदा रेड्डी : जब कि इस प्रश्न पर कि क्या कोई व्यक्ति वास्तव में दोषी है अथवा नहीं, न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जाना है तथा इस तथ्य को दृष्टिगत करते हुए कि अपराधियों का पता लगाने का प्रयत्न करके पुलिस अधिकारी ने अपना कर्तव्य पूरा किया है, मैं यह जानना चाहता हूं कि यदि प्रेस रिपोर्टें सही हैं तो किस कारणवश पुलिस अधिकारी का एक अति महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में स्वागत किया गया और गृह-कार्य मंत्री ने उनसे एक विशेष भेंट की आदि ।

श्री हाथी : क्या माननीय सदस्या इस को दुहरा सकती हैं ?

श्रीमती यशोदा रेड्डी: प्रेस रिपोर्टें ये हैं पुलिस के उपमहानिरीक्षक का एक अति महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में स्वागत किया गया और गृह-कार्य मंत्री ने उनसे एक विशेष भेंट की । मुझे नहीं मालूम कि क्या ये प्रेस रिपोर्टें सही हैं या नहीं ।

श्री हाथी : मेरे विचार से कोई स्वागत या ऐसी कोई बात नहीं हुई थी । वह गृह-कार्य मंत्री से मिलने आये थे और उनसे मिले ।

श्री ही० ना० मुकर्जी: शायद इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हमारी नेपाल के साथ प्रत्यर्पण सम्बन्धी संधि है . . .

एक माननीय सदस्य : हमारी संधि नहीं है ।

श्री ही० ना० मुकर्जी : यदि उसके साथ प्रत्यर्पण सम्बन्धी हमारी संधि नहीं है तो हम उसके लिये नहीं मांग सकते ।

अध्यक्ष महोदय : ऐसी कोई संधि नहीं है ; कुछ सदस्यों का कहना है कि केवल एक संधि है । मुझे ज्ञात नहीं ।

श्री ही० ना० मुकर्जी : यह शब्दों का मामला है । इस बात को देखते हुए कि चूंकि हमारी पुलिस ने संदेहपूर्ण एक व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास में नेपाल राज्यक्षेत्र में प्रवेश किया, मैं यह जान सकता हूं कि क्या नेपाल सरकार को इसकी पूर्व सूचना दी गई थी जिससे इस मामले की कार्यवाही में वह सरकार प्रतिकूल दृष्टिकोण न अपनाये ।

श्री हाथी : कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी । वे लोग उत्तर प्रदेश से होकर नेपाल में प्रविष्ट हुए थे ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : उत्तर से यह पता चलता है कि सूचा सिंह के विरुद्ध प्रत्यर्पण सम्बन्धी कोई कार्यवाही आरम्भ नहीं की गई है । किस कारण से अभी तक यह कार्यवाही आरम्भ नहीं की गई है और उन दो व्यक्तियों के विरुद्ध भी यह कार्यवाही आरम्भ नहीं की गई है जिनका उल्लेख उन्होंने किया था . . . ?

अध्यक्ष महोदय : वे दोनों व्यक्ति गिरफ्तार कर लिए गए हैं । उनके मामले में प्रत्यर्पण का कोई प्रश्न नहीं होता है ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : सूचत्या सिंह के बारे में क्या उन्होंने प्रर्पण सम्बन्धी कोई कार्यवाही अभी तक आरम्भ की है या नहीं ?

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने इसके लिये आवेदन किया है ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : इसमें विलम्ब क्यों किया जा रहा है ?

अध्यक्ष महोदय : यह मामला उस सरकार पर है ।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : यह हमें यहीं आरम्भ कर देनी चाहिये । जब तक हम प्रथम दृष्टया मामला स्थापित नहीं कर लेते वह सरकार उसको नहीं सौंपेगी ।

श्री हाथी : मेरे जानकारी के अनुसार तो कोई विलम्ब नहीं है परन्तु प्रत्यर्पण सम्बन्धी कार्यवाही को जा रही है । जहां तक संधि का सम्बन्ध है उनके साथ प्रत्यर्पण सम्बन्धी हमारी एक संधि है ।

Shri Bagri : Will the hon. Minister state whether the Central Government is deeply concerned with this question since our Prime Minister had welcome Shri Ashwini Kumar inspite of the fact that Government had to ask the other Government for pardon for the violation of its rules by Shri Ashwini Kumar and other Policemen after their release from Nepal ? What is the secret behind it ?

Mr. Speaker : This does not require any reply. He is asking about the reasons for which Shri Ashwini Kumar was given a reception.

Shri Bagri : Ashwini Kumar is an officer in Punjab Police. He went into the Nepal State to arrest these persons and Shri Nanda and the Prime Minister gave him a reception as if he had returned after having done a great deed and just next day Government had to ask the Neapal Government for pardon. This creates confusion in the country. What was the reason for according him a reception ?

Shri Hathi : Shri Nanda did not give any reception.

श्री हेम बरुआ : क्या सूचा सिंह की नेपाल में गिरफ्तारी के बारे में पुलिस अधिकारी, पंजाब पुलिस के उप-महानिरीक्षक, द्वारा दिल्ली में दिये गये वक्तव्य की ओर तथा उसके

प्रति नेपाल सरकार की प्रतिक्रिया की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है और यदि हां, तो हमारी सरकार क्या विशेष कदम उठा रही है या क्या विशेष कदम उठाने का विचार है जिससे कि नेपाल जैसे मित्र देश से हमारे संबंध न बिगड़ें ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : इस जांच को करने वाले पुलिस अधिकारियों तथा दूसरे लोगों से हमने दो कारणों से इस बात पर जोर दिया है कि वे कोई वक्तव्य न दें, पहला कारण है कि इससे जांच पर तथा अंतिम न्यायिक परीक्षण पर प्रभाव पड़ने की संभावना है और दूसरे ऐसा कोई कथन जिससे नेपाल से अत्यन्त अच्छे संबंध बिगड़ें या उनके बने रहने में बाधा उत्पन्न करें, नहीं देना चाहिये । मुझे आशा है कि सम्बद्ध अधिकारी इस बात का पूर्णतया पालन करेंगे । मैं यह भी कहूंगा कि नेपाल सरकार तथा वहां का प्रशासन बहुत ही सहायक रहा है और हमें उनसे पूरा सहयोग मिल रहा है । सभा में इस कारण से कोई भय नहीं होना चाहिये ।

श्री अ० ना० विद्यालंकार : मंत्री महोदय ने कतिपय विस्तृत बातें सभा के समक्ष बताने से इंकार करके ठीक ही किया है । क्या कारण है कि ये बातें पुलिस अधिकारियों द्वारा खोली जा रही हैं क्योंकि इस मामले से संबंधित लगभग समस्त विस्तृत बातें इस जांच से सम्बद्ध पुलिस अधिकारियों द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित होती हैं ? ऐसा क्यों है ?

श्री हाथी : ठीक यही मैंने कहा था । हमने पंजाब सरकार से कहा है कि वह अपने पुलिस अधिकारियों को वक्तव्य न देने के लिये अनुदेश दे । (**अन्तर्बाधा**)

अध्यक्ष महोदय : शान्त, शान्त !

श्री हाथी : माननीय सदस्य ने क्या कहा ?

अध्यक्ष महोदय : क्या उन्होंने श्री विद्यालंकार द्वारा पूछे गये अनुपूरक प्रश्न को सुना ?

श्री हाथी : मैंने तो उन्हें यह कहते सुना कि इन पुलिस अधिकारियों को ये वक्तव्य देने से रोकने का प्रयत्न नहीं किया जा रहा है । मेरा उत्तर है कि पंजाब सरकार ने सब पुलिस अधिकारियों को अनुदेश दे दिये हैं कि . . .

कुछ माननीय सदस्य : नहीं, नहीं !

श्री हाथी : मैंने उस आदेश को देखा है । पंजाब के गृह मंत्री ने भी मुझे बताया है कि उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों को ये वक्तव्य न देने के लिये अनुदेश दे दिये हैं ।

अध्यक्ष महोदय : क्या समाचार पत्रों के समक्ष वक्तव्य न देने के लिये पुलिस अधिकारियों को बताने के लिये कोई नये अनुदेश आवश्यक थे ? सामान्य रूप से उनसे ऐसे वक्तव्य देने की आशा नहीं की जाती है ।

श्री हाथी : ठीक यही बात है । वक्तव्य देने की पुलिस अधिकारियों से आशा नहीं की जाती है । परन्तु हमने तथा इस सभा ने भी यह देखा कि अनेकों वक्तव्य दिये जा रहे हैं । अतएव उनसे इस बात पर बल देना आवश्यक है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये ।

श्री रंगा : श्रीमन्, यहां पर अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का प्रश्न आ जाता है, और जैसा कि स्वयं वैदेशिक-कार्य मंत्री ने कहा है कि वे नेपाल सरकार से अधिकाधिक संभव सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुये मैंने सोचा कि वह यह कहने वाले थे कि उस सरकार को बिना पहले सूचना दिये हमारे पुलिस अधिकारियों द्वारा नेपाल में जाने के लिये हमने औपचारिक रूप से खेद व्यक्त किया है । उन्होंने ऐसा खेद हमारे सामने व्यक्त नहीं किया ।

श्री स्वर्ण सिंह : मैं सभा को यह बताना चाहूंगा कि हमारे राजदूत ने उचित ढंग से स्थिति स्पष्ट कर दी है और मुझे सभा को यह बताते हुए हर्ष है कि नेपाल सरकार ने परिस्थितियों की प्रशंसा की है । मुझे आशा है कि इसमें भ्रम के लिये कोई स्थान नहीं है ।

अध्यक्ष महोदय : अब ध्यान दिलाने की सूचना को लें ।

श्री हरि विष्णु कामत : श्रीमन्, मैं व्यवस्था का प्रश्न उठाता हूं । हम इस बात के लिये कृतज्ञ हैं कि इस महत्वपूर्ण मामले पर अनेकों अनुपूरक प्रश्नों को बारह बजे अर्थात् मध्यांन्ह पश्चात् भी आपने अनुमति दी । परन्तु यदि मैंने ठीक सुना है तो आपने कहा था कि इस मामले के बारे में अनेकों ध्यान दिलाने की सूचनायें होने के कारण आप अनुपूरक प्रश्नों को स्वीकार करेंगे । मुझे नहीं मालूम कि दूसरे माननीय सदस्यों ने ध्यान दिलाने की सूचनायें दी हैं या नहीं परन्तु मैंने ध्यान दिलाने की एक सूचना दी है परन्तु मुझे अनुपूरक प्रश्न पूछने का अवसर देना अस्वीकृत कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय : मैंने ये सब सूचनायें अस्वीकार कर दी हैं । अतएव मैंने इस विषय पर प्रश्न स्वीकार कर लिये । यह वक्तव्य ध्यान दिलाने की किसी सूचना के उत्तर में नहीं दिया गया है ।

श्री हरि विष्णु कामत : क्योंकि हमने ध्यान दिलाने की सूचनायें दी थी। इसलिये आपने कहा कि आप अनुपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दे देंगे ।

अध्यक्ष महोदय : अतएव, मैंने प्रश्नकाल के पश्चात् भी अनुपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दे दी ।

श्री हरि विष्णु कामत : मेरा विचार था कि आप उन्हीं को अनुपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति देंगे जिन्होंने ध्यान दिलाने की सूचनायें दी हैं ।

अध्यक्ष महोदय : मेरा यह अभिप्राय न था ।

श्री हरि विष्णु कामत : परन्तु समझा यही जाता है ।

Shri Madhu Limaye : Sir, kindly allow me to put a supplementary.

Mr. Speaker : Now I have gone farther and cannot be back.

Shri Madhu Limaye : I should also be allowed to put a supplementary while he has been given an opportunity to do so.

Mr. Speaker : No. Shri Kachhavaiya.

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले व्यक्तियों को ऋण

*778. **डा० रानेन सेन :**
श्री दीनेन भट्टाचार्य :

क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार से प्रस्ताव किया है कि वह पूर्वी पाकिस्तान से पश्चिम बंगाल में आये व्यक्तियों से वसूल न हुए ऋणों के कारण हुई हानि में हिस्सा बटायें ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने उस राज्य से इसी प्रकार के अन्य प्रस्ताव भी किये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्तावों की मुख्य बातें क्या हैं ?

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी) : शिक्षा तथा चिकित्सा संस्थाओं के अनुदान को छोड़ कर, पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले विस्थापित व्यक्तियों के सम्बन्ध में बहुत सी पुनर्वास योजनाओं के लिये केन्द्रीय सहायता राज्य सरकार को ऋण के रूप में दी जाती हैं । आरंभ में विस्थापित व्यक्तियों को पुनः दिये गये ऋण की वसूली में जो असली हानि हुई है उस हानि में केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों के भाग का अनुपात 50 प्रतिशत था । इसके बाद जो विस्थापित व्यक्ति 1 जनवरी, 1950 या उसके बाद आये हैं उनके पुनर्वास के लिये दिये गये ऋण की वसूली की पूर्ण हानि उठाने के लिये केन्द्रीय सरकार ने सहमति दे दी थी । द्वितीय वित्त आयोग की सिफारिशों को समक्ष रखते हुए 24 फरवरी, 1958 को इस सम्बन्ध में भी आदेश जारी कर दिये गये थे कि 1 अप्रैल, 1957 से सब प्रकार के ऋण की वसूली की हानि केन्द्रीय सरकार उठायेगी चाहे वह उन विस्थापितों के सम्बन्ध में हो जो 1 जनवरी, 1950 से पहले या बाद में आये हों । वित्त मंत्रालय के पत्र संख्या एफ--15(1)—बी/58, दिनांक 24-2-1958 में यह स्पष्ट कर दिया गया था कि 24, फरवरी, 1958 के आदेश, जो ऋण राज्य सरकारों को पुनः ऋण देने के लिये विभाजन के बाद मार्च, 1958 के अंत तक दिये गये थे उन के लिये लागू होते हैं। जो ऋण 1 अप्रैल, 1958 के बाद दिये गये थे उनके बारे में सामान्य नियम ही लागू होंगे । इसका यह अभिप्राय हुआ कि राज्य सरकारों को पूर्ण ऋण उठाना होगा ।

2. वित्त मंत्रालय के पत्र संख्या एफ—15(1)—बी/58, दिनांक 15-9-1959 में कही गई स्थिति अब तक लागू होती है । तथापि आगे जो इस बारे में राज्य सरकारों को अर्जियां प्राप्त हुई थीं, जहां तक 31 मार्च, 1964 तक की अवधि का प्रश्न है, उदार मात्रा में कुछ कर्जों के बारे में जो 50 करोड़ की राशि से कम न हों, छूट दे दी गई है । इस अवधि तक पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापितों को दिये गये ऋण के नुकसान के बारे में राज्य सरकारों की जिम्मेदारी न होगी ।

3. 1 अप्रैल, 1964 के बाद पुनर्वास की अवशिष्ट समस्याओं के अंतर्गत पश्चिम बंगाल सरकार को अपने ऋण देने की शर्तों के बारे में चर्चा चल रही है ।

ऊंचे स्थानों में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण

*780. **श्री कर्णी सिंहजी :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या 1968 में मेक्सिको आलम्पिक की तैयारी के हेतु भारतीय खिलाड़ियों को ऊंचे स्थानों पर प्रशिक्षण देने के लिये कोई प्रबन्ध किये जा रहे हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : भारतीय आलम्पिक संस्था और अन्य राष्ट्रीय खेल संघों से जब कभी भी सरकार को आवश्यक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राप्त होंगे, वह उन पर समुचित विचार करेगी ।

तेल की खोज सम्बन्धी कार्यक्रम के लिए रूसी सहयोग

*782. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री मधु लिमये :
श्री प्र० के० देव :
श्री कपूर सिंह :
श्री फ० गो० सेन :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ सरकार ने भारत की तेल शोधन क्षमता बढ़ाने तथा तेल की खोज संबंधी अपने कार्यक्रम का विस्तार करने में रूस के अधिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार कर लिया है ;

(ख) क्या सरकार ने तेल के अतिरिक्त अन्य खनिजों की भूतत्वीय खोज के लिये भारत-रूस सहयोग की गुंजाइश के बारे में और विचार किया है ; और

(ग) क्या गंगा की घाटी में तेल का पता लगाने के उद्देश्य से कुएं खोदने के लिये कार्यवाही की गई है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) चौथी पंच वर्षीय योजना में सहायता के लिए रूसी अधिकारियों के साथ सामान्य रूप से बातचीत हो रही है और यह विषय अभी विचार-विनिमय की प्रारम्भिक स्थिति में है ।

(ख) और (ग). जी हां ।

Barauni Oil Refinery Pipe-Line

*783 **Shri Vishwa Nath Pandey :**
Shri Sidheshwar Prasad :
Shri Yashpal Singh :
Shri Kapur Singh :

Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that recently some erosion has taken place in Barauni oil refinery pipe-line region; and

(b) if so, the action taken by Government in this regard ?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Humayun Kabir): (a) and (b) Yes, Sir. Oil India Limited is taking steps, to divert the pipeline where necessary and to build spurs on the eroded portion of the river bank.

गंधक के तेजाब का कारखाना

*784. **श्री विद्याचरण शुक्ल :**
डा० चन्द्रभान सिंह :
श्री राम सहाय पाण्डेय :

क्या **पैट्रोलियम और रासयन** मंत्री 25 नवम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 493 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जापनी फर्म द्वारा गन्धक के तेजाब कारखाने के लिये मशीनें दिये जाने में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) क्या यह कारखाना सरकारी क्षेत्र में होगा ;

(ग) क्या इस कारखाने के लिये स्थानों की जांच की जा रही है ; और

(घ) इस कारखाने पर कितनी लागत आयेगी और इसकी क्षमता कितनी होगी ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अलगेशन) : (क) मैसर्ज गुजरात स्टेट फर्टीलाईज़र कम्पनी लि० ने अपनी उर्वरक परियोजना के लिए एक गंधक के तेजाब के संयंत्र की सप्लाई के लिए मैसर्ज हितैषी शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियरिंग कम्पनी लि० जापान को आर्डर दिये हैं । जापान में उपकरण का निर्माण हो रहा है और लगभग $2\frac{1}{2}$ साल में संयंत्र के निर्माण कार्य के पूरे होने की आशा है ।

(ख) परियोजना गैर-सरकारी क्षेत्र में होगी ।

(ग) बड़ौदा में स्थान होगा ।

(घ) संयन्त्र की लागत लगभग 1 करोड़ रुपये है और गंधक अम्ल की उत्पादन क्षमता प्रति दिन 470 मीटरी टन होगी ।

पिलानी में टेलीविजन निर्माण एकक

*785. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री रा० स० तिवारी :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री प० ह० भील :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या केन्द्रीय इलैक्ट्रानिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्था, पिलानी में टेलीविजन बनाने वाले एक अग्रिम एकक का हाल ही में उद्घाटन किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो इस एकक की स्थापना पर कितना व्यय हुआ है तथा उसकी निर्माण क्षमता क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) 17 मार्च, 1965 को टेलीविजन रिसीवरों और दूसरी इलैक्ट्रानिक सामग्री के लिए एक बैच प्रोडक्शन यूनिट (समूह निर्माण एकक) का उद्घाटन किया गया था ।

(ख) ऐसी आशा की जाती है कि हर तीसरे महीने टैलीविजन रिसीवर बनाने की क्षमता 250 सेट तक पहुंच जाएगी । वर्ष के अन्त तक पूंजीगत लागत 4 लाख रुपए होने का अनुमान है ।

Indian Institute of Technology, Bombay

*786 **Shri Madhu Limaye** : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether Indian Institute of Technology, Pawai, Bombay, has its annual examinations; and

(b) if so, the reasons therefor ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) Yes, Sir.

(b) To meet the situation arising out of the strike of the mess employees of the Halls of Residence with effect from the 2nd March, 1965 the Institute decided to postpone the examinations and to close for vacation with effect from the 8th March, 1965 earlier than the normal schedule.

Damage in Badrinath by Avalanche

*787. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the holy city of Badrinath has been damaged by an avalanche;

(b) if so, the estimate of the loss of life and property sustained in the said city ; and

(c) the steps being taken to rehabilitate it ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) Yes.

(b) and (c) No loss of life has been reported. It has not been possible to estimate the extent of damage to property or to undertake rehabilitation postponed measures as Badrinath is still under heavy' snow.

विज्ञान में भारत का योगदान

*788. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञान तथा औद्योगिकी में भारत के योगदान का इतिहास तैयार करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ख) क्या भारतीय विज्ञान तथा औद्योगिकी संबंधी साहित्य की ग्रंथ-सूची तैयार करने के लिये एक विशेष निकाय नियुक्त किया गया है ; और

(ग) विज्ञान इतिहासकारों की विशेष पदाली बनाने के लिये यदि कोई कदम उठाये गये हैं तो वे क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में भारतीय विज्ञान का इतिहास तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना की गई है ।

(ख) आयोग ने प्राचीन काल, मध्य काल और आधुनिक काल से संबंधित आवश्यक सामग्री तैयार करने की योजना बनाने के लिए तीन समितियां नियुक्त की है ।

(ग) राष्ट्रीय आयोग द्वारा तैयार की गई अनुसंधान यूनिटों की स्थापना के लिए बनाई गई योजना में विज्ञान-इतिहासवेत्ता तथा वैज्ञानिक होंगे । आयोग के अनुसार इन यूनिटों के शोध कार्मिक प्रारंभ में विज्ञान–इतिहासवेत्ताओं के संवर्ग की स्थापना करेंगे ।

माध्यमिक शिक्षा

*789. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षा के स्तर में एकरूपता लाने की दृष्टि से माध्यमिक अथवा भारत में अब भी कहीं होने वाली सीनियर केम्ब्रिज की परीक्षायें और समकक्ष परीक्षाओं के समस्त पाठ्यक्रमों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के स्तर के अनुरूप करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ग) माध्यमिक स्तर पर इस प्रकार की एकरूपता लाने में कितना समय लगने की संभावना है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

Film on Kathak Dance

1999. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Sangeet Natak Akademi has signed an agreement with some producer for the production of a film on Kathak Dance ;

(b) if so, when and with whom the agreement was signed and its terms;

(c) the amount paid to the producer and the date on which paid; and

(d) when the film was completed and if not the action taken so far against the producer ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri R. M. Hajarnavis) : (a) and (b) Yes, Sir. The agreement was signed on April 23, 1958 with Shri Rajbans Krishen Khanna, Proprietor, Nav-Umang Films

of Bombay. A copy of the agreement is laid on the table of the House. (Placed in *Library, See No. L.T. 4151/65*)

(c) (i) Rs. 20,000 in April, 1958

(ii) Rs. 20,000 on June 15, 1961, and

(iii) Rs. 20,000 on March 13, 1962.

(d) As the film has not been completed, the Akademi has filed a civil suit against Shri Khanna for the recovery of the amount advanced to him together with interest thereon.

Archaeological Excavations in Vaishali

2000. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether any plan has been formulated for conducting further excavations in Vaishali from the archaeological point of view;

(b) if so, whether the 'Samadhi' of Miraji is also included in it; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Hindustani Akademi, Allahabad

2001 { **Shri K. C. Pant** :
Shri Sidheshwar Prasad :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Hindustani Akademi, Allahabad had taken a grant of Rs. 30,000 in January 1962 by giving wrong information that they prossessed land for the construction of a building;

(b) whether it is also a fact that there was no land with the Akademi up to February, 1963;

(c) if so, the steps taken to recover the amount from the Akademi during this period; and

(d) whether the society had purchased land up to January, 1965 and if so, whether they have started the construction of the building ?

The Minister of Cultural Affairs in the Ministry of Education (Shri Hajarnavis) : (a) to (d) On the recommendation of the State Government the Hindustani Akademi was given a grant of Rs. 30,000/- in 1962 for construction of a building. But as the plan of the building has yet to be finalised and the money has not been utilised, they have been asked to refund the money to Government.

जलगोरा में केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्था

2002. **श्री कृ० चं० पन्त :**
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार की व्यावहारिक प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा देने के लिए 1960–61 से 1964–65 तक केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्था, जलगोरा को कोई अनुदान दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक वर्ष कितनी राशि दी गई तथा क्या उसका सन्तोषजनक उपयोग किया गया था ;

(ग) इस मद के अन्तर्गत किन-किन अन्य संस्थाओं ने कब-कब और कितना-कितना अनुदान प्राप्त किया ;

(घ) क्या कोई जांच पड़ताल की गई है कि ये अनुदान उपयोग में लाये गये हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो उससे क्या परिणाम निकले ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जलगोरा में केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान को 1960–61 से 1964–65 तक, संस्थान में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को अधिछात्रवृत्तियां देने के लिए रकमें दी गई थीं ।

इस योजना के अन्तर्गत, संस्थाओं को कोई अनुदान नहीं दिया जाता है ।

(ख) 1960–61 से 1964–65 तक संस्थान को दी गई रकमें इस प्रकार हैं ।

वर्ष	दी गई रकम	बांटी गई रकम	लौटाई गई रकम
1960–61 .	2,351.62	2,171.89	179.73
1961–62 .	3,236.45	2,684.84	551.61
1962–63 .	6,188.38	5,641.45	546.93
1963–64 .	8,994.57	7,937.42	1,057.15
1964–65 .	9,920.96	अन्तिम सूचना नहीं मिली है	

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि सभी वर्षों में रकमों का समुचित रूप से उपयोग किया गया है ।

(ग) से (ङ) तक : मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय और खनन में व्यावहारिक प्रशिक्षण निदेशालय, धनबाद से सूचना एकत्रित की जा रही है ।

जिला गजेटियर

2003. **श्री रामचन्द्र मलिक :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार ने 1963–64 में उड़ीसा राज्य सरकार को जिला गजेटियर का संकलन करने तथा छापने के लिए कितनी राशि का अनुदान दिया ; और

(ख) 1964–65 में कितनी वित्तीय सहायता दी गई है अथवा देने का विचार है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) 1963–64 में जिला गजेटियर के संकलन के लिए केन्द्रीय सहायक अनुदान के तौर पर उड़ीसा सरकार को 6 000 रुपया दिया गया था । उक्त वर्ष में कोई जिला गजेटियर नहीं छापा गया । अतः छापने के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया ।

(ख) 1964–65 में उड़ीसा सरकार को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई थी ।

बिय्यूर, केरल में नजरबन्द व्यक्तियों को भत्ता

2004. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्पेशल सब-जेल, बिय्यूर, केरल में जो नजरबन्द रखे गये हैं उन्हें प्रति दिन कितना अतिरिक्त भत्ता दिया जाता है ;

(ख) यह राशि किस वर्ष निर्धारित की गई थी ;

(ग) क्या सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिस में कहा गया है कि यह भत्ता अपर्याप्त है तथा इस में वृद्धि की जानी चाहिये ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) 800 रुपये प्रति मास । इसके अलावा प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के नजरबन्दों को, कम से कम एक महीने के अन्तर पर, क्रमशः 20 रुपये और 10 रुपये और प्राप्त करने की इजाजत है । वे इन रुपयों को अथवा अपने निजी धन में से ऐसी ही राशियों को अपने जेल-जीवन में प्राप्त सुविधाओं को बढ़ाने के लिये खर्च कर सकते हैं ।

(ख) 1963 में ।

(ग) और (घ) जी, हां । इस अभ्यावेदन पर विचार किया जायगा ।

स्पेशल सब-जेल, बिय्यूर, केरल में नजरबन्द व्यक्ति

2005. **श्री अ० क० गोपालन :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्पेशल सब-जेल, बिय्यूर, केरल में कितनी महिला नजरबन्दी हैं ;

(ख) क्या उन्हें अलग अलग कोठरियों में रखा जाता है;

(ग) क्या सरकार उन्हें अन्य नजरबन्दियों के साथ खाना खाने की अनुमति देती है;

(घ) क्या सरकार उन्हें अन्य नजरबन्दियों के साथ खेलों तथा बौद्धिक कार्य में भाग लेने की अनुमति देती है ; और

(ङ) क्या यह सुरक्षा बन्दी नियमों के विरुद्ध है, यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) एक ।

(ख) उसे महिलाओं के खण्ड में के एक कमरे में रखा गया है ।

(ग) और (घ) उसे पुरुष नजरबन्दियों के साथ खाना खाने की अनुमति नहीं दी गई है और न ही वह उनके साथ खेलों में भाग ले सकती है ।

(ङ) यह प्रबन्ध केरल सरकार के जेल नियमों के अनुसार किया गया है ।

लाला लाजपत राय और पंडित पन्त की मूर्तियां

2006. **श्री राम हरख यादव :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लाला लाजपत राय और पंडित गोविन्द वल्लभ पन्त की मूर्तियां निकट भविष्य में संसद् भवन, नई दिल्ली के आस पास लगाई जानी हैं ;

(ख) यदि हां, तो उक्त मूर्तियां किस किस स्थान पर लगाई जायेंगी ; और

(ग) ये मूर्तियां कब तक तैयार हो जाएंगी और उन पर अनुमानतः कितना व्यय होगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) लाला लाजपत राय की मूर्ति संसद मार्ग के चौराहे पर संसद भवन के पास लगाने का प्रस्ताव है, और श्री गोविन्द बल्लभ पंत की चैल्म्सफोर्ड क्लब के कोने पर रायसीना रोड और रेड क्रास रोड के चौहाहे पर । ज्योंही प्रस्ताव पेश करने वाली संस्थाओं द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली जायंगी, त्योंही ये मूर्तियां स्थापित कर दी जायंगी । इन मूर्तियों को लगाने का सारा व्यय वे गैर-सरकारी संस्थाएं करेंगी जिन्होंने प्रस्ताव रखे हैं । इसलिये सरकार इन पर आने वाली लागत के बारे में सूचना देने की स्थिति में नहीं है ।

भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी

2007. **श्रीमती राम दुलारी सिन्हा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री राज्यवार जन संख्या तथा स्वतंत्रता के बाद अब तक विभिन्न राज्यों से भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा में भर्ती किये गये पदाधिकारियों की संख्या बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : राज्यवार जन संख्या तथा स्वतंत्रता के बाद अब तक प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर भारतीय प्रशासन सेवा

तथा भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्त अधिकारियों की संख्या बताने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 4152/65]**

दिल्ली में रिक्त प्लाट

2008. **श्री राम हरख यादव** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राजधानी में रिक्त प्लाटों पर मकान बनाने के समय-सीमा नियम में ढील दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) ढील का ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) जी नहीं । जैसा कि श्री नवल प्रभाकर द्वारा 23-12-64 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1744 के उत्तर में बताया गया था, रिक्त प्लाटों का अधिग्रहण करने के लिये भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 6 के अधीन जारी की जाने वाली अधिसूचना तो केवल उन प्लाटों पर ही लागू होगी जिनके मालिक न तो आवश्यक वचन ही देंगे और न ही निर्माण कराने में अपनी असमर्थता का पर्याप्त कारण बता सकेंगे । दिल्ली प्रशासन ऐसी अधिसूचना जारी करने से पहले खास खास मामलों की प्रामाणिकता पर ध्यान देगा ।

भोपाल में राष्ट्रीय लेखागार शाखा

2009. **श्री राम हरख यादव** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार भोपाल में राष्ट्रीय लेखागार की प्रादेशिक शाखा बन्द करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

ईरानी अध्यापकों का प्रतिनिधि मंडल

2010. **श्री राम हरख यादव** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार की प्रार्थना पर ईरानी अध्यापकों का प्रतिनिधि मंडल भारत आया है ;

(ख) यदि हां, तो प्रतिनिधि मंडल किस उद्देश्य से भारत आया है ; और

(ग) प्रतिनिधि मण्डल का सांस्कृतिक कार्यक्रम क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी हां । प्रतिनिधि मंडल भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के निमंत्रण पर 21 मार्च, 1965 को भारत पहुंचा था ।

(ख) और (ग) प्रतिनिधि मंडल शैक्षिक तथा सद्भावना मिशन था और प्रतिष्ठित शिक्षा विशारदों से भेंट, विश्व विद्यालयों, शिक्षा संस्थानों और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों के दौरे इसके कार्यक्रम में शामिल थे ।

Junior Technical School in Bastar

2011. **Shri Lakhmu Bhawani** : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(*a*) whether any scheme to open a junior technical school in the district of Bastar is under consideration of Government ?

(*b*) if so, the place where it would be opened and when it would start functioning; and

(*c*) the expenditure to be involved on setting up this institute ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (*a*) Madhya Pradesh Government have already sanctioned the scheme to start a Junior Technical School in the district of Bastar.

(*b*) It is expected that the School will start functioning at Jagdalpur from 1965-66 Session.

(*c*) Non-recurring :

	Rs.
Buildings and equipment . . .	7,84,400
Hostels	2,50,000
Recurring :	1,31,000 annually.

कालका जी में विस्थापित व्यक्तियों के लिए भूमि

2012. **श्री यशपाल सिंह** : क्या **पुनर्वास** मंत्री दिल्ली की कालका जी कालोनी में विस्थापित व्यक्तियों के लिये भमि के बारे में 9 दिसम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1199 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मामले को कब तक अन्तिम रूप दे दिया जायेगा ; और

Shri J. P. Jyotishi (Sagar) : Mr. Chairman, Sir, we had entrusted the work relating to Welfare of weaker sections of the population of rural areas to this Ministry with great expectations. But nothing appreciable has been done. The picture of villages remain as it was 17 years ago when we attained independence. It is regretted that we have not been able to change the picture of our villages during this long period of 17 years. We are, however, satisfied that atleast we have built a road which would definitely lead us to success one or the other day. Our efforts which now we are making, would not go waste but would bear fruits. Since there are a number of bottle-necks in the way, we would not be able to make rapid progress but, I am sure, we would succeed in achieving our goal of raising the standard of our people ultimately. According to a news item a capitalist had threatened that those persons who spoke against them, would be playing with their lives. It is a challenge to those persons of this country who are interested in the welfare of the people. This challenge should be met by the Department of Community Development. It is this Department which would bring about economic, educational, and religious revolution in the country. It is what the 70% people residing in rural India are hankering for.

The work of this Ministry is in no way less important than those of other important Ministries. The responsibilities of this Ministry are heavy. It has undertaken to ameliorate the condition of 75 % of the population to arrange for their education and health. It has been playing a great role in the field of agriculture and it would therefore be a right thing to bring the Departments of Food and Irrigation under this Ministry. The Department of Transport should also be under this Ministry since it is concerned with the most of the work relating to the Department of Transport.

Panchayats should be given full powers to govern themselves without any fear and hesitation. The villagers should be provided with the opportunity of deciding their own fate by themselves. It is they who know about their requirements. They should be allowed to formulate important schemes for their welfare themselves. They are the best judge to see what is good for them and what is not good for them. It is rather dangerous that we should decide their fate by formulating schemes for them. Panchayats should, therefore, be provided more finances so that they could set up industries in villages. On the one hand a huge sum of money is being sent for providing luxurious for a very people who are residing in urban areas, whereas on the other hand very little is being done for the welfare of people of rural areas who are 75% of the total population.

Shri Gauri Shankar Kakkar (Fatehpur) : Mr. Chairman, Sir, whenever the budget relating to community Development Scheme and Co-operation is submitted, I find, that the central cabinet is not clear in its mind as to whether this Department should be under the Ministry of Food or whether the Department of Food should be under the Ministry of the Community Development and Co-operation and or whether the Department of Irrigation should come under it. As a result of this indecisiveness the situation is deteriorating right from this level to the district-level for want of co-ordination among the various Departments.

It is beyond doubt that there is no other way except co-operation by which we can set up Socio-economic order in the country. But it is regretted that we have not succeeded in achieving our target of Co-operation which has been envisaged by us and for which we have introduced various programmes in our country. In spite of the fact that a number of committees and commissions have been set up and a large number of reports have been submitted, but the Ministry is still not sure as to what should be the role of Co-operation in our country in regard to credit side and other such things. Even there is no relationship among the various regional co-operative societies, then what kind of co-operation is this. How can this movement succeed.

Our aim was to make the co-operative movement of the people to be organised by the people themselves . But it is regretted this aim has not been achieved and thus this had not become people's movement. Still the old laws are in force. In Uttar Pradesh even now the Collector is the president of the Central Co-operative Bank . The Registrar still enjoys full powers to get any bye-law amended and to get it enforced on any co-operative society. Actually the field Supervisor, the Co-operative Inspector and the Assistant Registrar are masters of Co-operative Societies. They are all in all. The result is that the people have not actually been benefited by this movement in spite of the that a huge sum is being spent on it. The members of societies are being charged a very high rate of interest ranging from 9 percent to 12 percent. There is no mention in the report which has been submitted, as to whether any concession would be given to the members of co-operative societies in regard to interest. A committee should be appointed to see that the loans advanced for agricultural purposes are actually spent on agriculture. The loans which are advanced by the societies do not reach the actual cultivators. The result is that the weaker sections are not benefited by these loans.

As regards Community Development, I want to point out that the aim of establishing Panchayats under Article 40 of the Constitution was that it would be a unit of Administration. But we have failed to achieve this aim because of the system of indirect elections and secondly the Panchayats have no finances of their own and, therefore, these also the Panchayat Inspector eilds the real authority and the chairman does not enjoy any real powers, whereas it is said that Panchayat is a unit of village Administration.

If this is the state of Affairs, we should think over this matter seriously as to what this Ministry is doing for our 75 per cent country-men . Since the 75 percent country-men are not getting any benefit, the demands for Grants of this Ministry should not be sanctioned.

श्री पें० वेंकटासुब्बया (अदोनी): सभापति महोदय, श्रीमान, इस मंत्रालय में चाहे कुछ भी त्रुटियां अथवा खामियां क्यों न हों, परन्तु कम से कम इस में कोई सन्देह नहीं है कि

[श्री पें० वेंकटासुब्बया]

इस मंत्रालय ने भारत के ग्रामों को सचेत कर दिया है । और पद-दलित लोगों को गहरी नींद से जगा दिया है । लोग अपने कर्त्तव्यों को समझने लगे हैं और उन्होंने इस देश की राष्ट्र-निर्माण गतिविधियों में संयोग देना आरम्भ कर दिया है । इस मंत्रालय के कार्यक्रमों के पूरा करने के बारे में आलोचना होती रही है क्योंकि देश भर में कृषि उत्पादों की कमी है और मूल्यों में वृद्धि होती जा रही है । वर्तमान आर्थिक स्थिति के कई कारण हो सकते हैं। परन्तु यह तो बिल्कुल निश्चित है कि कृषि-उत्पादन में इतनी वृद्धि नहीं हुई जितनी कि जनसंख्या में वृद्धि हुई है । इसका एक कारण अकाल और बाढ़ें जैसी राष्ट्रीय विपत्तियां हो सकती हैं। परन्तु ऐसी अवस्था में हमारा उद्देश्य यह होना चाहिये कि आयोजन और समुन्नत प्रोद्योगिकी द्वारा अर्थव्यवस्था को दुर्बल तत्व-लक्षणों से बचाया जाय। समूचे कार्य-क्रम को अवांछनीय और अनुपयोगी कह कर रद्द करने की बजाये हमें इस में यथार्थ त्रुटियों को बताना चाहिये और भविष्य में इनको दूर करने के लिये ठोस सुझाव देने चाहिये देश में प्रत्येक पांच व्यक्तियों के पीछे चार व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और वे राष्ट्रीय आय के लिये प्रत्येक 2 रुपये के पीछे लगभग एक रूपया देते हैं। हमारी पहली असावधानी के कारण कई जटिल समस्यायें खड़ी हो गई हैं जिनको देश में सामुदायिक विकास परियोजनाओं के उचित रूप से आयोजन द्वारा ही हल किया जा सकता है । इस बारे में अभी तक कोई तेज़ी से विकास नहीं हुआ है और ऐसा सीमित संसाधनों तथा कुछ अन्य बाधाओं के कारण हुआ है । इस सम्बन्ध में मैं सामुदायिक विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत सरकारी व्यय और उस में लोगों के सहयोग के सम्बन्ध में इस मंत्रालय द्वारा "वार्षिक कुरुक्षेत्र", 1964 में दिये गये कुछ आंकड़ों का उल्लेख करूगा । प्रथम योजना के दौरान सरकार ने 45.98 करोड़ रुपये खर्च किये और लोगों ने 25.13 करोड़ रुपये लगाये । दूसरी योजना में सरकार ने 187.12 करोड़ रुपये लगाये और लोगों का सहयोग 77.13 करोड़ रूपये का था। तीसरी योजना के दौरान 1961–62 में इस में 52.8 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1962–63 में 53.97 करोड़ रुपये और 1963–64 में 52.14 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस प्रकार सरकारी लागत और लोगों के सहयोग में वृद्धि होती रही है परन्तु जब इस राशि के ब्लाक-वार निर्धारण को देखते हैं तो इसे बहुत कम पाते हैं। सामान्य वृद्धि के बावजूद भी इन शीर्षकों के अन्तर्गत व्यय योजना के कुल व्यय के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं हुआ है । इस से सिद्ध होता है कि हमारी राष्ट्रीय योजनाओं में ग्राम विकास कार्यक्रम की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है । यही नहीं, परन्तु जो राशि निर्धारित की गई उसका पूर्ण उपयोग नहीं किया गया । प्रशासनिक बाधाओं के कारण कार्यक्रमों को पूरी गति से नहीं चलाया जा सका और परिणाम यह है कि देहाती तथा शहरी क्षेत्रों में बहुत ही असमता है । इस असमता को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ठोस आयोजन द्वारा ही दूर किया जा सकता है । इस नीति को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिये संसाधनों में वृद्धि करना और इनका उपयोग करने के लिये अच्छी व्यवस्था करना अनिवार्य है । हम चाहते तो हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में चौमुखी विकास हो परन्तु उसके लिये हमारे पास संसाधन नहीं हैं। कई प्रकार के कार्यक्रमों को चलाने की बजाये हमें प्रत्येक प्रदेश में उस क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार प्राथमिकतायें नियत करनी चाहियें । उदा-हरणार्थ यदि किसी क्षेत्र में पीने के पानी की कमी है तो वहां पर इस कमी को दूर करने के कार्य को शिक्षा और अन्य कार्यों पर प्राथमिकता देनी चाहिये। जिस क्षेत्र में सिंचाई के साधन ही नहीं हैं वहां पर हमें अन्य सामाजिक गतिविधियों की बजाये सिंचाई को प्राथमिकता

देनी चाहिये। केवल इस प्रकार ही हम उन्नति कर सकेंगे। सभी प्रकार के कार्यक्रमों को साथ साथ चलाने से हम संसाधनों की कमी के कारण क्रियान्वित नहीं कर सकते तो ऐसा करने का कोई लाभ नहीं होगा।

ग्राम निर्माण कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के शक्तिशाली वर्ग विभिन्न संस्थाओं में अपनी उच्च स्थिति का अनुचित लाभ उठाते रहे हैं। जिस से समाज के कमजोर वर्गों को विकास करने का अवसर ही नहीं मिला। जब तक विकेन्द्रीकरण और प्रजातंत्रात्मक कृत्यों के नाम पर की जाने वाली इन समाज विरोधी गतिविधियों को बन्द नहीं किया जायेगा तब तक हम इन योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर सकेंगे, जिनको हम ने जन संख्या के कमजोर वर्गों तक पहुंचने और यह सुनिश्चित करने के लिये बनाया है कि जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रजातंत्रात्मक समाजवाद अपनाया जाये।

मेरा सुझाव है कि कोई भी उपाय काम में लेने से पहले सरकार को लोगों की आवश्यकता जानने व सभी क्षेत्रों के लिये उपयुक्त कार्यक्रम का सामान्य रूप तैयार करने के लिये गांव को एक अकेली इकाई मानकर तकनीकी आर्थिक सर्वेक्षण करना चाहिए। पंचायत के चुनाव संबंधी सन्थानम समिति की सिफारिशें बहुत महत्वपूर्ण हैं और उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिये। अन्त में मैं चन्द शब्द सहकारिता आन्दोलन के विषय में कहूंगा। मैं ने इस सभा में तथा विभिन्न परामर्श समितियों की बैठकों में सहकारी संस्थाओं की अर्थ-क्षमता तथा विपणन समितियों की स्थापना की आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाया है। मैं आशा करता हूं कि मंत्रालय इस बात का ध्यान रखेगा कि सहकारिता आन्दोलन दृढ़ आधार पर स्थापित हो ताकि सहकारी व पंचायती राज की संस्थायें अच्छी प्रकार से कार्य करें तथा जनता को लाभ पहुंचे।

श्री राजेश्वर पटेल (हाजीपुर): मेरे माननीय मित्र श्री राम सेवक यादव ने कहा है कि सामुदायिक विकास मंत्रालय को बन्द कर देना चाहिए क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 40 में की गई व्यवस्था कि राज्य स्व-शासन की एक इकाई के रूप में कार्य करने के लिये ग्राम पंचायतों को शक्तियां प्रदान करें, कार्यरूप में पूरा नहीं हुआ है।

(**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*)

मुझे आश्चर्य होता है कि क्या हम इसके लिये सारा दोष मंत्रालय के सिर मढ़ सकते हैं।

उपबन्ध का तात्पर्य यह है कि इसका उत्तरदायित्व राज्यों पर है न कि केन्द्रीय मंत्रालय पर। बलवन्तराय मेहता समिति द्वारा स्वशासन की इकाइयों के रूप में पंचायत का पुनर्गठन करने की सिफारिश के बाद इस मंत्रालय ने कुछ कदम उठाये तथा राज्य सरकारों का ध्यान इस ओर दिलाया जिस के फलस्वरूप विभिन्न राज्यों में कुछ कानून बनाये गये हैं। मैं समझता हूं कि इस प्रकार मंत्रालय ने अपना कर्त्तव्य पूरी तरह निभाया

[श्री राजेश्वर पटेल]

पंचायती राज संबंधी एक विचार गोष्ठी उदयपुर में हुई थी जिस में प्रायः सभी राज्यों ने व सामुदायिक मंत्रालय ने भाग लिया था । विचार-गोष्ठी ने अपनी सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये संविधान में कुछ संशोधन करने के लिये कहा। श्री बलवन्त राय मेहता के सभापतित्व में स्थापित परिषद् की एक समिति ने इन सिफारिशों पर विचार किया और कहा कि संविधान में संशोधन करना एक जटिल मामला है । राज्यों के संबंधित मंत्रियों का एक सम्मेलन बुलाना चाहिए जो विचार गोष्ठी की सिफारिशों को स्वीकार करें तथा राष्ट्रीय विकास परिषद् को एक अभिसमय के द्वारा इनको क्रियान्वित कराना चाहिए । मैं आशा करता हूं कि ऐसा सम्मेलन बुलाया जायेगा जो पंचायत समितियों को आवश्यक अधिकार प्रदान करेंगा ।

15 वर्ष हुए कि हम ने संविधान में यह व्यवस्था की थी कि राज्य प्रभावशाली तथा स्वशासी ग्राम इकाइयों के निर्माण के लिये कदम उठायेंगे । लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अभी भी इस लक्ष्य से बहुत दूर हैं । देश में शहरों में रहने वाले 20 प्रतिशत लोग 80 प्रतिशत ग्रामीण जनता का भार भी अपने ऊपर लेना चाहते हैं क्योंकि उन के विचार में गांवों के लोग अपनी देखभाल करने के लिये कुशल नहीं हैं। इस संबंध में मैं 1882 में लार्ड रिपन द्वारा रखे गये संकल्प का उल्लेख करूंगा जिस में उन्होंने इस धारणा को अस्वीकार करते हुए कहा था कि सरकार के लिये उचित योजना केवल यह होगी कि जहां तक हों सके लोगों को अपने मामलों का प्रबन्ध अपने हाथ में लेने के लिये प्रेरित करे। यह खेद का विषय है कि लोगों में विश्वास नहीं व्यक्त किया गया और उनकी उचित रूप से आजमाइश नहीं की गई । हम उन्हें शक्तियां प्रदान नहीं करना चाहते । ग्रामीण जनता की स्थिति बड़ी दयनीय है । हमने उन के मार्ग में जो रुकावटें उत्पन्न कर दी हैं, यदि हम उन्हें हटा लें और उन्हें इनकी प्रगति व विकास का कार्य उन्हें सौंप दें तो वे अपनी योग्यता का प्रमाण देंगे ।

देश के विभिन्न भागों में पंचायतों के काम, चुनाव आदि में भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये हैं । मैं इन तथ्यों का खण्डन नहीं करता । लेकिन वास्तविक बात तो यह है कि क्या ये यथार्थ भावना में उत्तरदायी संस्थायें जैसा कि हम इनका विकास चाहते हैं । ये कुछ राजनीतिज्ञों के हाथ की कठपुतली हैं और कुछ अधिकारियों की मुट्ठी में हैं। अतः इस में कोई आश्चर्य की बात नहीं है यदि वे सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहीं । मुझे आशंका है कि यदि संस्थाओं को पूर्ण शक्तियां व उचित अधिकार प्रदान नहीं किये जाते, तो पंचायत राज प्रणाली बिना उचित परीक्षण किये असफल हो जायेगी ।

श्री कृष्णपाल सिंह (जलेसर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम यह स्पष्ट कर दूं कि मैं वर्तमान सामुदायिक विकास मंत्री का विरोधी नहीं हूं । मैं इस मंत्रालय को चालू रखने के पक्ष में इसलिये नहीं हूं कि इसका निर्माण किसी प्रकार के अस्त-व्यस्त विचारों का परिणाम है । तीन विभिन्न विषयों को, अर्थात् पंचायत राज, कृषि-प्रसार तथा ग्रामीण ऋण मिला कर एक मंत्रालय के अन्तर्गत ले आना एक विचित्र बात है । मैं सुझाव दूंगा कि तीनों विषयों को संबंधित मंत्रालयों को हस्तांतरित कर के

इस मंत्रालय पर व्यर्थ खर्च हो रहा देश का करोड़ों रुपया बचाना चाहिये तथा इस मंत्रालय में काम करने वाले लगभग पांच लाख व्यक्तियों की सेवाओं का कहीं और उपयोग करना चाहिए । हमें देश की रक्षा के लिए एक एक पाई और प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता है ।

मुझे समझ नहीं आता कि अल्प-कालीन, मध्यकालीन व दीर्घकालीन ऋण किस के मस्तिष्क की उपज हैं । विशेषतया अल्पकालीन ऋण की दशा अत्यन्त असन्तोष-जनक है । अन्य उन्नत देशों की तरह केवल एक प्रकार का ऋण होना चाहिए । किसान की संपत्ति का मूल्यांकन करके उस के नाम बैंक में स्थायी ऋण की एक निर्धारित राशि जमा कर देनी चाहिये, उस में से जितनी जब चाहे वह निकाल ले और जब चाहे उसका भुगतान करे। यह सब केवल वाणिज्यिक आधार पर करना चाहिये ।

ग्राम सेवक अनेक काम जानता है लेकिन दक्ष किसी में भी नहीं है । उसको चन्द महीनों में कुछ पाठ पढ़ाया गया होता है और विशेष योग्यता न होने के कारण वह उपयोगी कार्य नहीं कर पाता है । इसका संबंध कृषि मंत्रालय से है जिस के प्रतिनिधियों को उपयुक्त योग्यता प्राप्त होगी । इस कार्य को कृषि मंत्रालय को हस्तांतरित कर देना चाहिए ताकि खेती के उन्नत तरीकों व अन्य प्रकार से कृषि में सुधार करने के बारे में किसानों को जानकारी दी जा सके। मैं पुनः इस बात पर जोर दूंगा कि इस मंत्रालय को समाप्त कर के इसके तीन कार्यों को इन क्षेत्रों से संबंधित अन्य मंत्रालय को सौंप देना चाहिये ।

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री सु० कु० डे) : उपाध्यक्ष महोदय स्वर्गीय प्रधान मंत्री के अनुसार विश्व के किसी देश में सामुदायिक विकास मंत्रालय सर्व-प्रथम 1956 में स्थापित भारत में हुआ था। सारे देश को गत वर्ष अनेक प्रकार से कठिनाईयों का सामना करना पड़ा । चाहे यह अनाज की कमी, जनसंख्या में वृद्धि, असैनिक दंगे, बाढ़ या सूखे की स्थिति हो, प्रायः प्रत्येक घटना का अन्त में अप्रत्यक्ष रूप से इस मंत्रालय के काम पर प्रभाव पड़ता है । प्रत्येक बीते वर्ष में मंत्रालय के समक्ष समस्याओं व इस के काम को अधिक उत्तम अच्छे रूप में तथा पूर्ण रूप से समझा गया है ।

हम ने पिछला वर्ष स्थापित की गई संस्थाओं की देख भाल तथा उन के ढांचे व आन्तरिक रूप को सुदृढ़ करने में लगाया । हम ने पिछले वर्ष पंचायती राज, सहकारी समाज तथा सामुदायिक विकास के विषयों संबंधी समस्याओं पर महत्वपूर्ण अध्ययन करने के लिये जो भी व्यक्ति मिल सकते व चुने जा सकते थे, उन को अध्ययन कराया । आज राष्ट्रीय विस्तार सेवा व सामुदायिक विकास कार्यक्रम सारे देश में फैल गया है । पंचायती राज 12 राज्यों में क्रियान्वित हो रहा है । मुझे दुख है कि बिहार सरकार से प्राप्त आश्वासन के आधार पर मैं ने सभा में बिहार में पंचायती राज कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का जो वचन दिया था, उसे हम अनेक कठिनाईयों के कारण पूरा नहीं कर सके । मुझे यह कहने में प्रसन्नता होती है कि आज प्रातः मुझे बिहार के मुख्य मंत्री से तार मिला है कि बिहार के दो जिलों में पंचायती राज कार्यक्रम क्रियान्वित हो गया है तथा अन्य दो ज़िलों में मई के महिने में चालू हो जायेगा । इस से अधिक प्रसन्नता की बात और क्या होगी कि वे सारे राज्य में यह कार्यक्रम कम से कम अवधि में क्रियान्वित करने की एक क्रमानुसार समय-सूची

[श्री सु० कु० डे]

तैयार कर रहे हैं। मुझे मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री से भी आश्वासन मिला है कि मानसून के आरम्भ होने से पहले ही वहां तीनों स्तर पर पंचायती राज कार्यक्रम क्रियान्वित हो जायेगा ।

सहकारिता के विस्तार के संबंध में सभा को मालूम है कि सहकारी विभाग 6 वर्ष पहले स्थापित हुआ था। सहकारिता को अधिकतर किसान व शहरों में कुछ लोगों को ऋण देने के तरीके के रूप में जानते थे। यद्यपि गुजरात व महाराष्ट्र इन दो उन्नत राज्यों में चीनी, कपास व तेल तैयार करने के क्षेत्र में सहकारिता का आरम्भ हो गया था। किन्तु अन्य राज्यों में इन क्षेत्रों में बहुत कम काम हुआ है । मुझे सभा को यह सूचित करने में प्रसन्नता है कि जहां तक सहकारिता का सम्बन्ध है, अन्ततः कम से कम हम राज्यों को यह समझा सकने में सफल हो गये हैं कि सहकारिता कृषकों अथवा अन्य लोगों को कम ब्याज पर देने का एक मात्र साधन ही नहीं अपितु यह वास्तव में जीवन का एक साधन है तथा आर्थिक लोकतंत्र कको स्थापना का एक महत्वपूर्ण तरीका है जो सरकारी क्षेत्र तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में एक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से काम करता है । राज्य इस कार्य-क्रम को क्रियान्वित कर रहे हैं ।

किसी को यह नहीं समझना चाहिए कि सामुदायिक विकास विभाग अथवा सहकारिता विभाग अन्य मंत्रालयों की भांति आपने आप पूर्ण विभाग हैं । विभागों को संसाधनों पर निर्भर करना पड़ता है जिनका सरकार के विभिन्न राष्ट्र निर्माणकारी अभिकरण, जो ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, प्रयोग करते हैं।

इस विभाग ने जनता को अपने अधिकारों को समझने तथा राजनैतिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में सुधार करने के लिए जागृत किया है । इस कार्य के लिए अपेक्षित धन, तकनीकी सहायता तथा वास्तव में कृषि, लोक स्वास्थ्य तथा उद्योगों से सम्बन्धित प्रायः सभी विषयों में कठिनाइयां हुईं । ग्रामीण क्षेत्रों में आज अधिक धन, अधिक ऋण, अधिक लघु सिंचाई योजनाओं, अधिक उर्वरक, अधिक कीटनाशी दवाइयां, अधिक उपकरणों, अधिक सीमेंट, अधिक इस्पात, अधिक तकनीकी सहायता, अधिक तकनीकी मार्गदर्शन तथा प्रदर्शन की मांग है । लोगों की सभी मांगें पूरी करना कठिन है । यह गर्व की बात है कि खाद्य तथा कृषि मंत्री महोदय उत्पादन बढ़ाने के लिए भरसक प्रयत्न कर रहे हैं ।

आज प्रत्येक क्षेत्र में प्रवीण जनशक्ति की कमी है जब कि उस की मांग सभी क्षेत्रों में है । अतः जनशक्ति के अभाव और उसकी कम योग्यता का, जिसका हम धीरे धीरे उपयोग कर रहे हैं, सरकारी तथा गैर-सरकारी सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा । चाहे वे इस समय कैसे भी हों किन्तु समय के साथ साथ सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में योग्यता प्राप्त कर लेंगे । हम लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए सहकारिता तथा सामुदायिक विकास, दोनों क्षेत्रों में सभी प्रकार की प्रशिक्षण संस्थायें स्थापित करने का प्रयत्न कर रहे हैं । आशा है यह कार्यक्रम तीव्र गति से प्रगति करेगा ।

अब हमारी चौथी पंचवर्षीय योजना आरम्भ होने वाली है । इस योजनामें हमें उपलब्ध संसाधनों तथा जनशक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक कार्य करना चाहिये । हमने इस सुझाव को प्रधान

मंत्री के सम्मुख रखा। उन्होंने हमारा सुझाव योजना आयोग के द्वारा राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा नियुक्त उप-समितियों के विचारार्थ भेज दिया है। ये उप-समितियां इस बात का विशेष अध्ययन करेंगी कि चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अधिक से अधिक राशि किस प्रकार नियत की जा सकती है। उपसमितियां मंत्रालय के सहयोग से इस पर विचार कर रही हैं ।

आज देश में समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान की समस्या बड़ी गम्भीर बनी हुई है। हम उसे उठाने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय के कहने पर कमजोर वर्ग का प्रश्न भी राष्ट्रीय विकास परिषद् की उपसमिति को सौंप दिया गया है और योजना आयोग समस्या को हल करने का पूरा प्रयत्न कर रहा है। चौथी पंचवर्षीय योजना तैयार करते समय हमने इस बात का ध्यान रखा है कि कमजोर वर्ग को किन उपायों से सहायता दी जा सकती है। हमने इस के लिए अनेक उपायों की, यथा सहकारी खेती, आदि की व्यवस्था है ।

{ **अध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair.* }

यद्यपि श्रीमती विमला देवी संयुक्त सहकारी खेती के विरुद्ध हैं, किन्तु मैं समझता हूं कि दुर्बल वर्ग को उठाने का यह एक अच्छा तथा आसान तरीका है और मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि संयुक्त सहकारी खेती कार्यक्रम धीरे धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है ।

श्रीमती विमला देवी (एलुरु) : मैं कार्यक्रम की आलोचना नहीं कर रही थी। मैं कह रही थी कि इससे कमजोर वर्ग को लाभ नहीं पहुंच पाता क्योंकि धनी लोग इस से स्वयं लाभ उठा लेते हैं।

श्री सु० कु० डे : संयुक्त सहकारी खेती कार्यक्रम उन लोगों के लिए बनाया है जिनकी छोटी छोटी जोतें हैं। यदि हमें यह बताया जाये कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के कार्यक्रमों पर जमीदारों अथवा बड़े लोगों का प्रभुत्व है तो हम उसे दूर कर सकते हैं, क्योंकि इस प्रकार का प्रभुत्व कार्यक्रम के उद्देश्य के प्रतिकूल है ।

हमने 1300 सहकारी कृषि फार्म खोले हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि पूना के गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पोलिटिक्स के प्रॉफेसर डी० आर० गाडगिल की अध्यक्षता में प्रसिद्ध विशेषज्ञों का एक दल इस कार्यक्रम पर सावधानीपूर्वक अध्ययन कर रहा है। हम उसके प्रतिवेदन की प्रतीक्षा कर रहेहैं। प्रॉफेसर गाडगिल के साथ हुई बातचीत से मै इस परिणाम पर पहुंचा हूं कि कई क्षेत्रों में असफलताओं के बावजूद भी सहकारी खेती कार्यक्रम जड़ पकड़ने लग गया है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कार्यवाही की है कि संयुक्त सहकारी खेती सम्बन्धी कार्यक्रम सहकारिता विभाग का ही एकमात्र उत्तरदायित्व न रहे। अतः यह कार्यक्रम प्रत्येक राज्य के लिए समूचे तौर पर खंड संगठन के रूप में स्वीकार किया गया है। जहां बड़ी संख्या में सहकारी फार्म खोले गये हैं वहां के लिए हमने यह निर्णय किया है कि राज्य-स्तर और जिला स्तर पर कृषि अधिकारी नियुक्त किए जायें जो उन सहकारी खेती संस्थाओं की सहायता करेंगे ।

श्रमिक सहकारी संस्थाओं का विस्तार हो रहा है। हमने इन संस्थाओं के विस्तार के लिए एक कार्यक्रम बनाया है। हमें आशा है कि ये संस्थाएं 12 करोड़ रुपये का कार्य पूरा कर लेंगी। हम

[श्री सु० कु० डे०]

डेरियों, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, वनों के विकास के लिए तथा देश के गरीब वर्ग द्वारा उद्योगों के लिए उपयोग करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों की निधि में से अलग राशि रक्षित कर रहे हैं। कुटीर तथा ग्राम्य उद्योगों सम्बन्धी कार्यक्रम पहले ही स्वीकार किया जा चुका है और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खंड में चार उद्योग स्थापित किए जायेंगे। प्राय: सभी राज्यों ने इस कार्यक्रम को स्वीकार कर लिया है तथा कई राज्यों ने इसे लागू भी कर लिया है। कुटीर तथा ग्राम्य उद्योग मुख्य रूप से कमजोर वर्ग को सहायता पहुंचाने के अभिप्राय से चालू किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन तथा मकानहीन लोगों के लिए मकानों की व्यवस्था करने के लिए निर्माण और आवास मंत्रालय से निकट सम्पर्क स्थापित किया गया है। इस कार्य में सभी मंत्रालय सहयोग दे रहे हैं ताकि चौथी पंचवर्षीय योजना में कमजोर वर्गों की समस्याएं हल हो सकें।

राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा नियुक्त उपसमिति समस्या पर इस दृष्टिकोण से विचार कर रही है कि चौथी पंचवर्षीय योजना में कृषि और ग्रामोद्योग के क्षेत्रों में उत्पादन के लिए पंचायती राज तथा सहकारी समाज संस्थाओं के कार्य का संचालन किस प्रकार किया जायेगा। इस सम्बन्ध में योजना आयोग ने राज्य सरकारों को इस सम्बन्ध में अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट देने को कहा है ताकि उनके निष्कर्षों के आधार पर उचित निर्णय किया जा सके।

सरकार ने कुछ समय पूर्व मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, आवास, परिवहन, उद्योगों, रेलवे तथा डाक तार का अध्ययन करने के लिए कार्यकारी दल नियुक्त किए थे। ये दल अपनी रिपोर्टें दे चुके हैं। उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विभिन्न मंत्रालयों के चौथी पंचवर्षीय योजना के कार्यक्रमों में शामिल किया जा रहा है। यह कार्य पूरा हो जाने पर योजना आयोग इस पर विचार करेगा यदि आवश्यक हुआ तो सभा में इस पर विचार किया जा सकता है।

ग्रामीण जनशक्ति के उपयोग के लिए तीसरी पंचवर्षीय योजना के आरम्भ में योजना आयोग द्वारा एक ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम तैयार किया गया था। इसके लिए पर्याप्त धन राशि भी निर्धारित की गई थी। किन्तु दुर्भाग्यवश कई कठिनाइयों के कारण हम इस दिशा में अधिक कार्य नहीं कर सके। पिछले वर्ष से यह कार्यक्रम जोर पकड़ रहा है। हम चौथी पंचवर्षीय योजना में इसका पूरा पूरा लाभ उठाने का भरसक प्रयत्न करेंगे। प्रधान मंत्री महोदय ने पूर्ण समर्थन के साथ यह आश्वासन दिया है कि हम पूरी प्रशासनिक क्षमता के अनुसार इस धन को प्रयोग में लाएंगे और इस प्रयोजन के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना में आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

पंचायती राज संस्थाओं को पर्याप्त धन राशि देने में कठिनाई के बारे में प्रश्न उठाया गया है। इस प्रश्न पर राष्ट्रीय विकास परिषद् की उप-समिति विचार कर रही है। मुझे पूरी आशा है कि कम से कम चौथी पंचवर्षीय योजना में पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय कठिनाई नहीं होगी।

हमने गत वर्ष पंचायती राज के सम्बन्ध में अध्ययन करने के लिए कई समितियां नियुक्त कीं। विपणन सम्बन्धी दांतवाला समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाने वाली है। नकली सहकारी समितियों तथा सहकारी समितियों में निहित स्वार्थों के सम्बन्ध में अध्ययन करने के लिए राम निवास मिरधा समिति तथा पंचायती राज वित्त सम्बन्धी सन्तानम समिति ने बहुत महत्वपूर्ण अध्ययन कार्य किया है। माननीय सदस्य श्री प्र० रं० चक्रवर्ती ने यह प्रश्न उठाया है कि पंचायतों के लिए पर्याप्त वित्त व्यवस्था करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में मैं सभा को बताना चाहता हूं कि इस

बात का यथासंभव प्रयत्न किया जा रहा है कि पंचायती राज के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना में जो कुछ भी अतिरिक्त साधन जुटाए जायें उसके आधार पर उन्हें बराबर की सहायता दी जाये। पंचायतों के लिए विशेष धन की व्यवस्था करने का प्रश्न अगले वित्त आयोग को सौंपने का विचार किया जा रहा है। इन सब प्रश्नों पर राष्ट्रीय विकास परिषद् की उप-समिति द्वारा विचार करने के पश्चात इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय किया जाएगा।

कुछ माननीय सदस्यों ने पंचायती राज चुनाव के बारे में प्रश्न उठाया है। यह प्रश्न हमने सन्तानम समिति को विशेष अध्ययन के लिए सौंपा था। कुछ प्रमुख सदस्यों ने इस अध्ययन से अपना सहयोग दिया। सभा को ज्ञात है कि समिति की रिपोर्ट सभा पटल पर रखी गई थी। यदि माननीय सदस्य चाहें तो मैं सभा में आगामी सत्र में इस पर चर्चा करने के लिए तैयार हूं।

पंचायती राज की लेखा परीक्षा तथा लेखे के लिए हमने महालेखा परीक्षक की सहायता से एक विशेष समिति नियुक्त की थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। सदस्यों की जानकारी के लिए उसे संसद के पुस्तकालय में रखा गया है। यदि माननीय सदस्य चाहें तो इस पर भी चर्चा की जा सकती है।

राजस्थान में पंचायती राज को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों में पंचायती राज का अध्ययन करने के लिए सादिक अली समिति नियुक्त की गई थी। इससे राजस्थान में पंचायती राज में कई सुधार किए गये हैं। इसी प्रकार गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र तथा मैसूर में भी अध्ययन किए गए थे। इन अध्ययनों के बहुत अच्छे परिणाम रहे।

हमने पंचायती राज से सम्बधित प्रश्नों पर मंत्रालय की सहायता करने के लिए एक परामर्श-दात्री परिषद् स्थापित की है। परिषद् की दो बैठकें हो चुकी हैं। इसमें देश के सभी राजनैतिक तथा सामाजिक विचारों के प्रतिनिधि हैं। परिषद् ने पचायती राज के कार्यकरण की तथा तरीके की, जिसके अनुसार सन्तानम समिति की वित्त सम्बन्धी सिफारिशों को क्रियान्वित किया जा सकता है, जांच करने के लिए एक विशेष अध्ययन दल नियुक्त किया था। इस दल की रिपोर्ट को परिषद् की पिछली बैठक में पेश किया गया है। इन सिफारिशों पर चर्चा की जा सकती है।

श्री गौरी शंकर कक्कड़ ने प्रश्न उठाया है कि उत्तर प्रदेश में सहकारिता कानून 20 वर्ष पुराना है। अधिकांशतः सभी राज्यों ने सहकारिता पर राज्य मंत्रियों के सम्मेलन में हुई चर्चा के आधार पर मंत्रालय की सिफारिशों के अनुसार नये कानून बनाये हैं। उत्तर प्रदेश में भी विधान का एक प्रारूप विधान सभा के सामने रखा गया है। आशा है वहां शीघ्र कानून लागू कर दिया जायेगा।

सामुदायिक विकास और सहकार आन्दोलन तथा सहकारी समाज आन्दोलन इस समय सरकारी रूप से आयोजित कार्यक्रम से लोगों के कार्यक्रम में परिवर्तित किये जाने की दिशा में अग्रसर है। इस कार्य में हम तभी सफल हो सकते हैं जब गैर सरकारी नेतृत्व ऐसे व्यक्तियों के हाथ में रहे, जो अपनी सेवायें लोगों को समर्पण करने के लिए तत्पर हों, इस दिशा में कार्य आरम्भ हो गया है। यद्यपि अभी इसमें धीरे धीरे प्रगति होगी। इस मंत्रालय ने उन उत्तरदायित्वों को गैर-सरकारी संस्थाओं को सौंप कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है जिन्हें वे वह सौंप सकता था। उदाहरणार्थ, हमने सहकारिता में समस्त प्रशिक्षण कार्य सम्बन्धी सभी उत्तरदायित्व तथा संसाधन राष्ट्रीय सहकारी संघ को, जिसका काफी विस्तार हो चुका है, सौंप दिये हैं। हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि राज्य स्तर पर तथा सहकारिता के सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार की कार्यवाही की जाये। मत्स्य पालन, दुग्ध व्यवसाय उपभोक्ता व्यापार, विपणन आदि में इस दिशा में प्रगति हो रही है।

[श्री सु० कु० डे०]

तदनुसार राष्ट्रीय संघों का भी साथ साथ विकास हो रहा है और मंत्रालय इन संस्थाओं के विकास के लिए उनके उत्तरदायित्वों का भार वहन करते हुए उन्हें यथासम्भव सहायता देने का प्रयत्न कर रहा है। हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री नेहरू ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम को सर्वोच्च महत्व दिया था और इसीलिए उन्होंने 1952 में सामुदायिक विकास प्रशासन को स्वायत्तशासी बनाकर योजना आयोग के एक भाग के रूप में इसकी स्थापना की थी, बाद में इसके बढ़ते हुए उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए इस संस्था का एक अलग मंत्रालय के रूप में निर्माण किया गया। देश के सभी भागों में राष्ट्रीय विस्तार सेवाओं की स्थापना करके, सम्पूर्ण देश में पंचायती राज संस्थाओं का राजनैतिक प्रजातंत्र पद्धति के आधार पर स्थापना करके और विशेषत: सभी क्षेत्रों में सहकारी समाज संस्थाओं की स्थापना करके मंत्रालय तथा उसके कार्यक्रमों को फिर से योजना आयोग के काम के अनुकूल बनाते जा रहे हैं। अत: ऐसी आशा है कि कुछ वर्ष बाद यह मंत्रालय योजना आयोग की भांति योजना सम्बन्धी कार्यों की क्रियान्विति करने लगेगा। राष्ट्रीय विकास परिषद् और योजना आयोग यह आशा करते हैं कि यह मंत्रालय योजना आयोग की ओर से जिलों, खण्डों और गांवों में कुछ व्यवहारिक योजना कार्यक्रमों को क्रियान्वित करेगा। इसलिए हम योजना आयोग की ओर से योजना कार्यक्रमों के बारे में अनुभव प्राप्त करने की दृष्टि से चौथी पंचवर्षीय योजना में प्रत्येक राज्य में एक जिले को, आदर्श जिले के रूप में लेकर वहां योजना सम्बन्धी कार्य आरम्भ कर देंगे और उस जिले की वास्तविक कठिनाइयों तथा समस्याओं का यथा प्रशासनिक, तकनीकी, वित्तीय अथवा अन्य प्रकार की, पता लगाने और उन्हें दूर करने अथवा हल करने की दृष्टि से पर्याप्त धन की व्यवस्था की जा रही है और कई कार्यक्रम बनाये जा रहे हैं।

गत वर्ष उपभोक्ता सहकारी समितियों के क्षेत्र में हमें सबसे महत्वपूर्ण और हमारी आशा से भी अधिक सफलता प्राप्त हुई है। जनवरी, 1964 में हमारा कुल व्यापार केवल 2 करोड़ रुपये का था जो इस वर्ष जनवरी में बढ़कर 9 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। यह एक जनता का आन्दोलन है जो सच्चे अर्थ में जनता की मांगों का उत्तर है और यह मंत्रालय उन्हें रिजर्व बैंक से, भारत के राज्य बैंक से सहायता देने के सभी सम्भव प्रयत्न कर रहा है। यह मंत्रालय उनके लिये खाद्य विभाग तथा सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के विभिन्न कारखानों से सामान की सप्लाई करवाने में भी उनकी सहायता कर रहा है और उत्पादन विभाग द्वारा जब्त किये गये विदेशी सामान का वितरण भी उपभोक्ता भाण्डारों के द्वारा करते हैं। हमने सहकारी क्रय-विक्रय के विकास पर सर्वाधिक बल देने का प्रयत्न किया है। तीसरी योजना के अन्त तक हम 300 करोड़ रुपये का क्रय-विक्रय करने की आशा करते हैं और यह भी सम्भव है कि हम इससे भी और अधिक क्रय-विक्रय कर सकें। चौथी योजना के अन्त तक हम 750 करोड़ रुपये का क्रय-विक्रय करने की आशा रखते हैं।

परिष्करण क्षेत्र में, हमारे सहकारी चीनी के कारखाने हमारे गौरव हैं और संसार के सामने उन्हें मूल उत्पादकों की सहकारी कार्यकलापों के विशिष्ट उदाहरण के तौर पर पेश किया जा सकता है यह सरकारी क्षेत्र के उपक्रम की तुलना में तकनीकी तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता में आगे बढ़ा हुआ एक उद्योग के रूप में मजदूर और उत्पादक दोनों के ही हितों की रक्षा करते हुए कार्य कर रहा है।

जहां तक चावल की मिलों का सम्बन्ध है, हमने सहकारी क्षेत्र में और अधिक चावल की मिलों की व्यवस्था करने के लिए विशेष सहायता देना आरम्भ कर दिया है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम ने, राज्य योजना परिसीमा के बाहर, राज्यों के लिए चावल की मिलों को खोलने के लिए सारवान रूप से असीमित धन की व्यवस्था की है। हम 500 तक चावल की मिलों को वित्त पोषित

करने को तयार हैं। इस समय चावल की पांच बड़ी मिलें बन रहीं हैं।और हमें आशा है कि एक विशष कार्यक्रम के अन्तर्गत 250 से 300 तक छोटी नई मिल भी स्थापित की जायेंगी।

एक उल्लेखनीय बात यह है कि महाराष्ट्र राज्य ने पंचायती राज तथा सहकारिता दोनों में ही बहुत सराहनीय कार्य किया है। निस्संदेह अन्य राज्य भी यही सफलता प्राप्त करने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं किन्तु कोई भी राज्य महाराष्ट्र जितनी प्रगति नहीं कर सका। महाराष्ट्र द्वारा किये गये इस शानदार काम का वर्णन करते हुए मैं बहुत गौरव अनुभव कर रहा हूं।

जीप गाड़ियों को हटाने के विषय पर इस सभा में चर्चा पहले ही हो चुकी है किन्तु यह प्रश्न फिर उठाया गया है। सर्वसम्मति से यह निर्णय किया गया था कि विकास खण्डों से जीपों को पूर्ण रूपेण न हटाकर उनका दुरुपयोग रोका जाए। मंत्रालय ने इस सभा के अधिकतर सदस्यों द्वारा की गई इस सिफारिश को मान लिया है कि चुनाव के दौरान जीपों का दुरुपयोग रोकने के लिए उन्हें हटा लिया जाये। मैंने स्वयं राज्य सरकारों के सम्बंधित मंत्रियों को लिखा है कि आम चुनावों के लिए किसी उम्मीदवार के नामनिर्देशन की तिथि से लेकर चुनाव समाप्त होने तक विकास खण्डों से जीपों को हटाकर उन्हें कलेक्टर की निगरानी में सोंप दिया जाए। हम इस सभा के आदेश का पूरी तरह पालन कर रहे हैं।

अब मैं शंकर प्रतिवेदन के बारे में प्रकाश डालूंगा। सभा को विदित है कि खाद्य तथा कृषि मंत्रालय और सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय काम के बीच और अधिक समन्वय प्राप्त करने तथा प्रत्येक मंत्रालय को एक दूसरे के कामों से पूर्ण रूपेण अवगत रखने की दृष्टि से भी शंकर को उक्त मंत्रालयों के काम का अध्ययन करने तथा उसके आधार पर सिफारिश करने के लिए नियुक्त किया गया था। श्री शंकर ने यह सिफारिश की है कि सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय के काम को विभिन्न मंत्रालयों में बांट देना चाहिए और मंत्रालय को उसके बचे हुए शेष काम सहित खाद्य तथा कृषि मंत्रालय के साथ उसके एक अभिन्न अंग के रूप में मिला देना चाहिए। भारत सरकार ने इस सिफारिश पर विचार करने के लिए गृह-कार्य मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त की। मंत्रिमंडल की उपसमिति ने इस पर विचार करने के बाद प्रधान मंत्री से सिफारिश की है कि सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय की स्वायत्तता बनी रहनी चाहिए। राज्य के कृषि उत्पादन बोर्ड को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए ताकि वह समन्वय के काम को और अधिक अच्छी तरह कर सके और इस प्रयोजन के हेतु उसे आवश्यक सचिवालय सम्बन्धी सुविधायें प्रदान की जायें।उसने यह भी सिफारिश की है कि कृषि उत्पादन बोर्ड की एक उपसमिति हो जो खाद्य तथा कृषि मंत्री के अधीन काम करे और जो सहकारी नीतियों के मामलों में समन्वय स्थापित करने का काम करे। प्रधान मंत्री ने इन सभी सिफारिशों का अनुमोदन किया है।

यह सदन जो कि इस देश के लोकतन्त्र का संरक्षक है इसने अपनी शक्ति पंचायत राज की संस्थाओं से प्राप्त की है।

अध्यक्ष महोदय, स्वर्गीय श्री वी० टी० कृष्णमाचारी के देहान्त से जो कि योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी थे, एक बड़ा स्थम्भ खो दिया है। इसी प्रकार एक और व्यक्ति के स्वर्गवास होने से सहकारी संस्थाओं को क्षति पहुंची है और वह थे वैंकुंठलाल मेहता। वह एक बहुत ही सज्जन व्यक्ति थे।

ऐसे ही श्री जवाहरलाल नेहरू के स्वर्गवास हो जाने से हमें ऐसा प्रतीत होता है जैसे यतीम हो गये हों।

[श्री सु० कु० डे०]

यह प्रसन्नता की बात है कि प्रधान मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस कार्य को अपना आशीर्वाद दे दिया है और उन्होंने ठीक ही इसे नया मार्ग दिखाया है जिससे अधिक मात्रा में वस्तुओं का उत्पादन हो। यह भी प्रसन्नता की बात है कि संसद् तथा समाचारपत्रों में भी इस योजना को ठीक रूप से समझा जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, मुझे यह अनुभव करके बड़ी प्रसन्नता होती है कि 13 वर्ष तक जो लाखों व्यक्तियों ने इस कार्य को किया उसके फलस्वरूप एक ऐसी संस्था का निर्माण हो गया है जिसको अब हटाया नहीं जा सकता। मैं इस सदन की सेवा में हूं जो भी कार्य आने वाले वर्ष के लिए यह मुझे दें।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

All the cut motions were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सामदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय की निम्नलिखित मांगें मतदान के लिए रखी गयीं तथा स्वीकृत हुईं :—

The following Demands in respect of Ministry of Community Development and Co-operation were put and adopted:—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
8	सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय	27,21,000
9	सामुदायिक विकास प्रायोजनायें, राष्ट्रीय विस्तार सेवा और सहकारिता	4,22,94,000
116	सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	9,17,000

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

पाकिस्तान की सीमा के निकट गुजरात के कच्छ जिले में गृह-कार्य मंत्री का हाल का दौरा

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : मैं गृह-कार्य मंत्री का निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वक्तव्य दें :—

"पाकिस्तान की सीमा के निकट गुजरात के कच्छ जिले में गृह-कार्य मंत्री का हाल ही का दौरा।"

श्री रंगा (चित्तूर) : महोदय, कुछ देर पूर्व हमने भी एक ऐसा ही नोटिस कच्छ के बारे में दिया था परन्तु आपने उसे स्वीकार नहीं किया। क्या अब आप हमारे एक दो सदस्यों को जिन्होंने वे प्रस्ताव दिये थे अब प्रश्न करने की अनुमति देंगे ?

अध्यक्ष महोदय : यह तो मेरे लिये बहुत कठिन है क्योंकि कार्यप्रणाली के अनुसार बाद में नाम नहीं लिखा जाता। फिर यह भी पता लगा है कि वह दूसरे विषय पर है। अब हमें उत्तर सुनना चाहिये।

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : श्रीमन्, मेरे सहयोगी, परराष्ट्र मंत्री महोदय ने पहले ही सदन में 3 मार्च, 1965 को एक वक्तव्य देकर कच्छ-सिंध सीमा के दक्षिण में भारतीय क्षेत्र के कंजरकोट-कच्छ इलाके में पाकिस्तानियों की घुसपैठ का ब्योरा दिया था और यह भी स्पष्ट कर दिया था कि सरकार ने इन घटनाओं को कितनी गम्भीरता से लिया है। समस्या के महत्व को देखते हुए और खुद व्यक्तिगत रूप से हमारी सीमाओं की अखंडता तथा सुरक्षा के लिए किये गये उपायों और उन उपायों को जानने के लिए जो आगे करने जरूरी हों 31 मार्च, 1965 को गुजरात के मुख्य मंत्री महोदय के साथ मैंने कंजरकोट में अपनी सीमा के पास के क्षेत्रों का दौरा किया; और 1 अप्रैल, 1965 को गुजरात के मुख्य मंत्री तथा गृह-मंत्री और इस समस्या पर लगे हुए अन्य अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने प्रथा स्थिति को भंग किया है। उन्होंने गैर-कानूनी तौर पर हमारे क्षेत्र के लगभग 1300 और 2000 गज अन्दर दो चौकियां बना ली हैं। हमारे बार-बार स्मरण पत्र देने पर भी उन्होंने राजकोट रेंज के उप महानिरीक्षक तथा पश्चिम पाकिस्तान रेंजर्स के महा-निरीक्षक की बैठक करने का कोई इरादा नहीं जाहिर किया। हमारी कूटनीतिक चेष्टाएं जारी हैं। साथ ही, मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सरकार हमारे क्षेत्र की रक्षा तथा सीमा की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रभावी उपाय कर रही है और करती रहेगी।

श्री हेम बरूआ (गोहाटी) : क्या यह सच है कि पाकिस्तान ने वहां बहुत संख्या में अपनी सेना एकत्रित कर रखी है ? यदि हां, तो अपनी भूमि को पाकिस्तान से वापिस लेने के लिए क्या उपाय किये हैं ?

श्री नन्दा : आप भी यह अनुभव करेंगे कि मैं यहां सारा विवरण दूं। हम अपनी ओर जो कुछ करेंगे वह इस बात को ध्यान में रख कर करेंगे कि पाकिस्तान अपनी ओर क्या कर रहा है।

अध्यक्ष महोदय : क्या सरकार को पता है कि दूसरी ओर क्या हो रहा है ?

श्री नन्दा : जी हां।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : क्या मैं मंत्री महोदय का ध्यान दो परस्पर विरोधी वक्तव्यों की ओर दिलाऊं जो हमारे वैदेशिक-कार्य मंत्री ने तथा वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री ने दिये। एक ने कहा कि केवल बलात् प्रवेश किया है और दूसरे ने कि

[श्री हरिविष्णु कामत]

उन्होंने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है और वहां के निवासियों को तंग कर रहे हैं । और मंत्री महोदय ने संसद् सदस्यों को वहां जाने से को रोका ?

श्री नन्दा : जो तथ्य इस समय हैं वे मैं ने बता दिये हैं । उनके दो स्थानों पर चौकियां हैं । इससे अधिक कुछ नहीं । वहां कोई निवासी रहते नहीं हैं ।

Shri Prakash Vir Shastri (Bijnor): Is the minister in a position to tell the country that our border with Pakistan on other sides will also be prtected ?

Shri Nanda : My reply is an emphatic "Yes".

Shri Bagri (Hissar): Are Government prepared to shed their old policy of weakness and adopt a policy of strength ?

Shri Nanda : Whatever is possible is being done but there is no question of weakness.

श्री उ० मू० त्रिवेदी (मंदसौर) : क्या सरकार इस आश्वासन पर संजीदगी से चलेगी भी ?

Shri Nanda : There can be no dispute about it.

श्री जसवंत मेहता (भावनगर) : सरकार इस क्षेत्र को पाकिस्तान से छुड़ाने के लिये क्या कर रही है ?

Shri Nanda : It is not proper to disclose all these here.

Shri Vishwa Nath Pandey (Salempur) **:** Will Government declare clearly the boundary of this country and what steps are being taken to protect it ?

Shri Nanda : All this is our area and we are taking necessary steps in this direction.

Shri Madhu Limaye (Monghyr): I raise a point of order. The newspapers say that the minister will make a statement about it. Had that been the case we would have asked questions but now you have converted into call attention notice and only they can ask who had given notices.

Mr. Speaker : Others will not be permitted to put question.

अनुदानों की मांगें--(जारी)

DEMAND FOR GRANTS—*contd.*

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

अध्यक्ष महोदय : सदन अब सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय की मांग संख्या 69 से 71 और 134 पर चर्चा करेगा ।

वर्ष 1965-66 के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गईं :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
69	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	14,83,000
70	प्रसारण	5,38,73,000
71	सूचना और प्रसारण मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	4,12,29,000
134	सूचना और प्रसारण मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	1,58,42,000

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : महोदय, इस मंत्रालय के अधीन बहुत से विभाग हैं। इन सूचना और प्रसारण के माध्यम से सब यह चाहते हैं कि यह निष्पक्ष हो कर कार्य करे और साथ-साथ जनता की जो कामनायें विद्या, मनोरंजन तथा संस्कृति सम्बन्धी हैं, वे पूरी हों।

श्री नरिपौल ने अपनी पुस्तक जिसका नाम "एरिया आफ डार्कनेस" है में कहा है कि भारत "प्रतीकों" का देश है परन्तु मैं कहना चाहता हूं कि यह "नारों" का देश है। यही कार्य अब सूचना तथा प्रसारण के माध्यम का हो रहा है। इसी कारण यह माध्यम जनता को प्रेरणा देने के कार्य में असफल रहा है। जब कोई निपुण व्यक्ति इस मंत्रालय में जाता है तो लोग कहते हैं कि "चांदी के कुछ सिक्कों के लिए वह हम से पृथक हो गया है।" इस बात से पता चलता है कि इस माध्यम से हमने क्या प्राप्त किया है। यदि सरकार अपना प्रचार इसमें मिलाती रही तो फिर इस में कला के लिए कोई स्थान नहीं रहता है। उदाहरण के लिए प्रकाशन विभाग ने अभी एक पुस्तक छापी है जिसका नाम है "जवाहरलाल नेहरू—ए होमेज़"। इस पुस्तक में नेहरू जी के देहान्त पर इज़राईल के राष्ट्रपति द्वारा भेजा गया संदेश सम्मिलित नहीं किया गया है। इसका कारण क्या यह है कि कहीं इस से अरब लोग नाराज न हो जावें। मैं कहता हूं कि इस संदेश को सम्मिलित न करके न केवल इज़राईल के राष्ट्रपति का अपमान हुआ है अपितु हमारे राष्ट्रपति का भी अपमान हुआ है जिसने यह संदेश प्राप्त किया।

महोदय, चीन आक्रमण के समय और उसके पश्चात भारत के बारे में दूसरे राष्ट्रों को जानकारी देना बहुत आवश्यक हो गया है।

अब स्थिति यह है कि हमारे चारों ओर ऐसे देश हैं जो हमारे मित्र नहीं हैं और वे चीन के प्रसारण सुनते हैं। इस समय चीन विश्व में प्रसारण के मामले में दूसरे नम्बर पर है। हमारे से तो संयुक्त अरब गणराज्य भी प्रसारण पर अधिक व्यय करता है। हम से बार-बार यह कहा गया है कि हमारी सरकारी सोवियत संघ से एक 1000 किलोवाट के ट्रांसमिटर की बात कर रही है परन्तु 26 मार्च, 1965 को मास्कों से यह समाचार आया कि वे हमें दो ट्रांसमीटर देंगे जो कि पांच-पांच सौ किलोवाट के होंगे। यह तो बिल्कुल ऐसे होगा जैसे कोई व्यक्ति एक 16 वर्ष की लड़की के स्थान पर दो लड़कियों से विवाह कर ले जिनकी आयु आठ-आठ वर्ष की हो। इस लिए कुछ भी हो हमारी आवश्यकता तो एक ट्रांसमीटर की है जो 1000 किलोवाट का हो।

[श्री हेम बरुआ]

अब मैं अखिल भारतीय आकाशवाणी को इसके दो कार्यों के लिए बधाई देता हूं। एक तो इसके लिये कि उन्होंने शेख अब्दुल्ला की चाऊ-एन-लाई से अलजियर्स की में हुई भेंट का प्रसारण किया जब कि हमारे विदेश विभाग को इसका पता भी नहीं था। दूसरे इस लिये कि इसने ओलम्पिक हाकी प्रतियोगिता के अन्तिम खेल के बारे में कमेन्ट्री अच्छे प्रकार दी।

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय की मांगों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये :—

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
				रुपये
69	1	श्री यशपाल सिंह	जिलों से प्रकाशित होने वाले भाषाई और छोटे अखबारों को अखबारी कागज देने की आवश्यकता।	100
69	2	श्री यशपाल सिंह	प्रचार कार्यक्रमों में सुधार की आवश्यकता	100
69	3	श्री यशपाल सिंह	आकाशवाणी में भाषाओं के समाचार सुनाने वालों की सेवा-शर्तों में सुधार करने की आवश्यकता।	100
69	4	श्री यशपाल सिंह	सामुदायिक रेडियो सेटों की मरम्मत न करना।	100
69	5	श्री यशपाल सिंह	रेडियो कलाकारों की सेवा-शर्तों में सुधार करने की आवश्यकता।	100
69	6	श्री यशपाल सिंह	चलचित्रों के स्तर में सुधार करने की आवश्यकता।	100
69	7	श्री यशपाल सिंह	सेंसर बोर्ड द्वारा काट दिये गये दृश्य दिखाने वाले विज्ञापनों को रोकने की आवश्यकता।	100

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
69	9	Shri Prakash Vir Shastri	Non-broadcasting of all Hindi bulletins from All India Radio.	100
69	10	Shri Prakash Vir Shastri	Negligence of Hindi publications by Publications Division.	100
69	11	Shri Prakash Vir Shastri	Absence of a definite policy regarding broadcasting of news by all All India Radio.	

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
69	12	Shri Prakash Vir Shastri	Need for proper check by the Central Film Censor Board on obscene films.	
69	13	Shri Prakash Vir Shastri	Increasing complecency in the Press Information Office.	
69	14	Shri Prakash Vir Shastri	Non-achievement of required results due to lack of co-ordination in the programmes of the Ministry.	

अध्यक्ष महोदय : ये सभी कटौती प्रस्ताव सभा के सामने प्रस्तुत हैं।

इसके पश्चात् लोक-सभा गुरुवार 8 अप्रैल, 1965/चैत्र 18, 1887 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, the 8th April, 1965/Chaitra 18, 1887 (Saka).

GMGIPND—LS III—670(As)LS—20-7-65—600.